हरिभूमि
# सागर-चम्बल भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, बुधवार 22 जुलाई 2026

04 कलेक्टर श्रोत्रिय की निरंतर टकटकी...



07 आसमान से बूंद बनकर बरसी रहमत, किसानों के...





## खबर संक्षेप

### उद्यमियों के लिए कलेक्ट्रेट में कार्यशाला आज

**सागर।** जिला स्तरीय उद्योग संवर्धन बोर्ड की बैठक में कलेक्टर प्रतिभा पाल द्वारा दिए गए निर्देशों के अनुपालन में 22 जुलाई को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में दोपहर 12:30 बजे जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र सागर द्वारा विशेष कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यशाला में उद्यमियों को उद्योगों से संबंधित विभिन्न विभागों की सहभागिता से विभागीय योजनाओं, प्रक्रियाओं, मानकों और नियम अनुपालन के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदाय की जाएगी।

### सीएम हेल्पलाइन की शिकायत पर सत्या डोसा पर खाद्य विभाग की कार्रवाई

**सागर।** सीएम हेल्पलाइन पर मिली शिकायत के बाद खाद्य सुरक्षा प्रशासन की टीम ने कटरा बाजार स्थित सत्या डोसा एवं फास्ट फूड पर औचक निरीक्षण कर कार्यवाही की। टीम ने मौके पर शिकायतकर्ता की मंशानुसार डोसा बनाने में उपयोग किए जा रहे आलू के मसाले का सैंपल जांच के लिए लिया। निरीक्षण के दौरान दुकान में पाई गई कमियों और गंदगी पर अधिकारियों ने कड़ी नाराजगी जताते हुए साफ—सफाई रखने के निर्देश दिए। डोसा विक्रेता को खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के नियमों का पालन करते हुए ही सामग्री बनाने और बेचने की सख्त हिदायत दी गई है।

### जिले में अब तक 300.2 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज

**सागर।** सागर जिले में इस वर्षा सीजन में अभी तक 138.3 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है। जिले में स्थापित वर्षामापी केन्द्रों के अभिलेखों के अनुसार एक जून से अब तक देवरी केन्द्र पर सर्वाधिक 553.8 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई है। अधीक्षक, भू-अभिलेख कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले के विभिन्न वर्षामापी केन्द्रों में एक जून से अब तक सागर में 248.9 मि.मी., जैसीनगर में 351.0 मि.मी., राहतगढ़ में 294.3 मि.मी., बीना में 232.0 मि.मी., खुरई में 238.0 मि.मी., मालथौन में 146.7 मि.मी., बंडा में 332.7 मि.मी., शाहगढ़ में 130.2 मि.मी., गढ़ाकोटा में 445.5 मि.मी., रहली में 293.3 गढ़ाकोटा में 445.5 मि.मी., रहली में 293.3 मि.मी., देवरी में 553.8 मि.मी., केसली में 335.9 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई है।

### आपकी महापौर आपके द्वार जनचौपाल शिविर आज

**सागर।** महापौर संगीता सुशील तिवारी के निर्देशानुसार नगर निगम द्वारा नागरिकों की समस्याओं के त्वरित निराकरण एवं शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक पहुंचाने के उद्देश्य से संचालित् आपकी महापौर आपके द्वार कार्यक्रम के अंतर्गत 22 जुलाई बुधवार को प्रातः 11 बजे से चकराघाट एवं बरियाघाट वार्ड का संयुक्त जनचैपाल शिविर आयोजित किया जाएगा। शिविर में दोनों वार्डों के नागरिक अपनी स्थानीय समस्याएं, शिकायतें एवं सुझाव प्रस्तुत कर सकेंगे, जिनके निराकरण हेतु संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहेंगे। इसके साथ ही शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्राप्त करने से वंचित पात्र नागरिकों को योजनाओं से जोड़ने एवं आवश्यक दस्तावेजी कार्रवाई कराने की व्यवस्था भी शिविर में की जाएगी। नागरिकों को प्रधानमंत्री आवास योजना, पीएम स्वनिधि योजना, समग्र ई-केवाईसी, जन्म-मृत्यु पंजीयन, कर संबंधी समस्याओं सहित अन्य नगर निगम सेवाओं gके संबंध में भी मार्गदर्शन एवं सहायता प्रदान की जाएगी। नगर निगम प्रशासन ने वार्ड के समस्त नागरिकों से अपील की है कि वे शिविर में उपस्थित होकर अपनी समस्याओं का निराकरण कराएं तथा शासन की जनहितकारी योजनाओं का लाभ प्राप्त करें।

### परिजन बोलेः आयुष्मान कार्ड के नाम पर भोपाल के रामकृष्ण अस्पताल ले गए थे दलाल

# आरोपः मुफ्त इलाज का झांसा दिया, गलत ब्लड चढ़ाने से हुआ रिएक्शन, खुरई के किसान की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

भोपाल के कोलार स्थित रामकृष्ण अस्पताल में ब्लड चढ़ाने के दौरान 46 वर्षीय किसान ब्रह्मानंद सिंह ठाकुर की मौत हो गई। मृतक सागर जिले की खुरई तहसील के बांदरी थाना क्षेत्र स्थित गंगऊआ गांव के निवासी थे। परिजनों का आरोप है कि गलत ब्लड चढ़ाने और ब्लड रिएक्शन होने के कारण किसान की जान गई है। मंगलवार को परिजन शव लेकर खुरई सिविल अस्पताल पहुंचे, जहां पुलिस ने मर्ग कायम कर पोस्टमार्टम कराया। 12 जुलाई को इलाज के लिए भोपाल लाए मृतक के भाई राजेंद्र सिंह ठाकुर ने बताया कि ब्रह्मानंद को कोई गंभीर बीमारी नहीं थी। कुछ समय पहले हुए हादसे में उनके पैर में रॉड डाली गई थी। 12 जुलाई को गांव में सक्रिय आयुष्मान कार्ड के दलाल उन्हें मुफ्त इलाज का झांसा देकर भोपाल के रामकृष्ण अस्पताल ले गए थे।



**ऑपरेशन से पहले चढ़ाया जा रहा था ब्लड:** अस्पताल के डॉक्टरों ने पैर के फ्रैक्चर वाली जगह पर गैप बताकर ऑपरेशन की सलाह दी थी। ऑपरेशन से पहले शरीर में खून की कमी बताकर ब्लड चढ़ाना शुरू किया गया। परिजनों के अनुसार, एक यूनिट ब्लड चढ़ने के बाद जैसे ही दूसरी यूनिट चढ़ानी शुरू की गई, ब्रह्मानंद की तबीयत बिगड़ गई। उन्हें तुरंत आईसीयू में भर्ती कराया गया, जहां उनकी मौत हो गई। **गांव-गांव सक्रिय हैं आयुष्मान कार्ड के दलाल:** राजेंद्र सिंह ने आरोप लगाया कि निजी अस्पतालों के दलाल ग्रामीण इलाकों में घूम-घूमकर मरीजों को चिन्हित करते हैं। वे आयुष्मान कार्ड पर मुफ्त इलाज का लालच देते हैं और मरीज लाने के बदले दलालों को 2,000 रूपये तक मिलते हैं। परिजनों ने बाबू भाई खान और डॉ. सुरेंद्र यादव नाम के दो लोगों पर झांसा देकर भोपाल ले जाने का आरोप लगाया है। पुलिस ने मर्ग कायम कर शुरू की जांच घटना के बाद परिजन शव को खुरई सिविल अस्पताल लेकर पहुंचे और अस्पताल प्रबंधन के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। सूचना मिलने पर खुरई शहरी पुलिस ने मौके पर पहुंचकर पंचनामा तैयार किया और पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।



## रहली में नपा अध्यक्ष देवराज सोनी ने सफाई कर्मचारियों को बांटे रेनकोट

**रहली।** नगर पालिका सभागार में आज एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें नपा अध्यक्ष देवराज सोनी ने बारिश के मौसम को ध्यान में रखते हुए नगर पालिका परिषद रहली के सफाई कर्मचारियों को रेनकोट का वितरण किया। बारिश के मौसम में भी बिना रुके नगर की व्यवस्था संभालने वाले कर्मचारियों को यह सौगात मिलने से उनके चेहरे खिल उठे। कपड़े व रेनकोट वितरित करते हुए नपा अध्यक्ष देवराज सोनी ने कहाः नगर पालिका कर्मचारी प्रतिदिन हमारे रहली नगर को स्वच्छ, सुंदर और व्यवस्थित बनाए रखने के लिए जी-तोड़ मेहनत करते हैं। ऐसे में बारिश के मौसम में आपके स्वास्थ्य और सुरक्षा की चिंता करना और सुविधाएं उपलब्ध कराना हमारा पहला दायित्व बनता है। इस अवसर पर कर्मचारियों में खासा उत्साह देखने को मिला। कार्यक्रम के दौरान सफाई दारोगा महेश ठाकुर नगर पालिका के समस्त विभागीय अधिकारी एवं सफाई कर्मचारी उपस्थित रहे। सभी कर्मचारियों ने नपा अध्यक्ष का इस संवेदनशीलता और सहयोगात्मक पहल के लिए आभार व्यक्त किया।

## नवनियुक्त एल्डरमैनों का स्वागत किया

**रहली।** नगरपालिका परिषद रहली में नियुक्त किए गए सभी नवनियुक्त एल्डरमेन (मनोनीत पार्षदों) के सम्मान में आज एक भव्य स्वागत समारोह का आयोजन किया गया। इस गरिमामयी कार्यक्रम में नगरपालिका परिषद के समस्त निर्वाचित पार्षदों, उपाध्यक्ष, मुख्य नगरपालिका अधिकारी और कर्मचारियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। फूल-मालाओं से हुआ स्वागत समारोह के दौरान नगरपालिका अध्यक्ष देवराज सोनी ने शासन द्वारा मनोनीत किए गए सभी नए एल्डरमेन का आत्मीय स्वागत किया।

## सागर में एयरपोर्ट निर्माण के लिए उपयुक्त भूमि चिन्हांकन की प्रक्रिया हुई शुरू

### खुरई विधायक भूपेन्द्र सिंह के प्रश्न पर विधानसभा में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

मध्यप्रदेश विधानसभा में खुरई विधायक भूपेन्द्र सिंह द्वारा उठाए गए प्रश्न पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने जानकारी दी है कि सागर संभागीय मुख्यालय में एयरपोर्ट निर्माण की दिशा में आवश्यक कार्रवाई प्रारंभ कर दी गई है। मुख्यमंत्री ने अपने लिखित उत्तर में बताया कि एयरपोर्ट निर्माण का कार्य मुख्यतः केंद्र सरकार की एजेंसियों के अधिकार क्षेत्र में आता है। वर्तमान परिस्थितियों को देखते हुए सागर के आसपास विमानतल निर्माण के लिए उपयुक्त भूमि के चिन्हांकन हेतु जिला कलेक्टर को पत्र भेजा गया है, जिससे आगामी प्रक्रिया आगे बढ़ाई जा सके।

खुरई विधायक भूपेन्द्र सिंह ने विधानसभा में प्रश्न के माध्यम से सागर संभागीय मुख्यालय पर एयरपोर्ट निर्माण के संबंध में सरकार द्वारा की जा रही कार्रवाई तथा केंद्र सरकार को प्रस्ताव भेजे जाने की स्थिति की जानकारी मांगी थी।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने अपने उत्तर में स्पष्ट किया कि सागर में एयरपोर्ट निर्माण की दिशा में आवश्यक प्रशासनिक प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। उपयुक्त भूमि का चयन होने के बाद नियमानुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी।

विधानसभा में इस महत्वपूर्ण विषय को उठाते हुए विधायक भूपेन्द्र सिंह ने कहा कि सागर संभाग जैसे तेजी से विकसित हो रहे क्षेत्र के लिए एयरपोर्ट की स्थापना अत्यंत आवश्यक है। इससे न केवल क्षेत्र के उद्योग, व्यापार, निवेश और पर्यटन को नई गति मिलेगी, बल्कि शिक्षा, स्वास्थ्य तथा प्रशासनिक दृष्टि से भी पूरे संभाग को दीर्घ कालीन लाभ प्राप्त होगा। उन्होंने इस विषय पर सरकार का ध्यान आकर्षित करते हुए शीघ्र आवश्यक कार्रवाई किए जाने की मांग की।

विधानसभा में मुख्यमंत्री द्वारा दिए गए उत्तर से स्पष्ट हुआ है कि सागर में एयरपोर्ट निर्माण की दिशा में प्रशासनिक स्तर पर प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है और इसके लिए उपयुक्त भूमि चिन्हांकन का कार्य आगे बढ़ाया जा रहा है।

खुरई विधायक भूपेन्द्र सिंहद्वारा उठाए गए प्रश्न पर मुख्य मंत्री डॉ. मोहन यादव ने जानकारी दी है कि खुरई स्थित सिविल न्यायालय के नवीन भवन निर्माण के संबंध में आवश्यक जानकारी एकत्रित की जा रही है। जानकारी प्राप्त होने के उपरांत नियमानुसार आवश्यक निर्णय एवं आगे की कार्रवाई की जाएगी। यह जानकारी मुख्यमंत्री ने विधायक भूपेन्द्र सिंह द्वारा विधानसभा में पूछे गए प्रश्न के लिखित उत्तर में दी।

भूपेन्द्र सिंह ने विधानसभा में प्रश्न के माध्यम से खुरई स्थित सिविल न्यायालय भवन की वर्तमान स्थिति, नवीन न्यायालय भवन की स्वीकृति की समय-सीमा तथा वर्तमान भवन में न्यायाधीशों, अधिवक्ताओं एवं न्यायालय आने वाले नागरिकों को हो रही असुविधाओं का मुद्दा प्रमुखता से उठाया। भूपेन्द्र सिंह ने अपने प्रश्न में उल्लेख किया कि खुरई का वर्तमान सिविल न्यायालय भवन वर्ष 1964-65 में निर्मित हुआ था और अब लंबे समय से उपयोग में होने के कारण नवीन न्यायालय भवन की आवश्यकता महसूस की जा रही है। उन्होंने सरकार से पूछा कि नए भवन की स्वीकृति कब तक प्रदान की जाएगी तथा क्या वर्तमान भवन में न्यायिक कार्यों के संचालन के दौरान न्यायाधीशों, अधिवक्ताओं एवं आम नागरिकों को स्थानाभाव और अन्य असुविधाओं का सामना करना पड़ रहा है।



## जब मनुष्य भगवान से प्रेम करेगा तब उसे दुख का बोध नहीं होगाः आत्मानंद सरस्वती

**सागर।** राधे कृष्णा सत्संग परिवार पटकुई वरारू स्थित कुबेर वाटिका में श्रीमद भागवत कथा के दूसरे दिन नीलगिरी पीठाधीश्वर आत्मानंद सरस्वती महाराज ने कहा कि इंसान को भगवान से प्रेम करना चाहिए। भगवान से प्रेम करने से इंसान संसार की मोह-माया से दूर रहता है। उन्होंने कहा कि मानव तन पाकर परमात्मा से प्रेम नहीं किया तो जीवन व्यर्थ है। मनुष्य का जन्म सुख का बोध करने नहीं हुआ है। पुत्र वहीं क्षेत्र है जो राष्ट्रसेवा और राष्ट्र निर्माण में योगदान करें। परीक्षक मनुष्य के हृदय में बैठे हुए है। मानव को स्वभाव जाने बिना किसी से दोस्ती, व्यापार नहीं करना चाहिए। मनुष्य को जीवन में किसी से भी प्रभावित नहीं होना चाहिए क्योंकि लगाव ही पीड़ा है। जब मनुष्य भगवान से प्रेम करेगा तब उसे दुख का बोध नहीं होगा। उन्होंने कहा कि भगवान के दर्शन पाने के लिए भक्त में पात्रता होनी चाहिए। संत, सदगुरू की सेवा करने से प्रभु की प्राप्ति होती है। बुढ़ापे में भागवत सुनने और नाम जप करने से पाप मुक्त और मोक्ष प्राप्ति होती है। मनुष्य के जीवन का प्रारंभ लिखा हुआ है लेकिन अंत कर्मों पर निर्धारित होता है। मानव जीवन का लक्ष्य आत्म प्रेम है। परमानंद की प्राप्ति ही भागवत कथा में है। आत्म रंजन की कथा है- श्रीमद् भागवत कथा। जब भक्ति करने में मन लग जाए तब भक्ति हृदय में स्थान बना लेती है। सारे धर्मों की जननी सनातन धर्म है। सनातन धर्म में कल्याण निश्चित है। आज के युग में किसी भी वक्ता की बात गीता, भागवत कथा के श्लोक के वर्णन किए बिना अधूरी है। हर एक मनुष्य को तीर्थ स्थलों में दर्शन करने जाना चाहिए। साल में एक बार दस से पंद्रह दिन के लिए तीर्थ स्थल जाकर भागवत कथा का श्रवण करना चाहिए। कथा श्रवण करने मौनी बाबा, शिवदास महाराज गंजबासौदा, कथा के मुख्य यजमान पंडित दिनेश पुष्पा शुक्ला, प्रभु दयाल पटेल, आचार्य पंडित रामकुमार खमरिया, मधुभाई, दलसुख भाई, चंद्र भूषण तिवारी, बृज जायसवाल, श्रीमती ऋतु जायसवाल, प्रभु दयाल पटेल, केसरी नंदन सहित बडी संख्या में भक्तगण मौजूद रहे।



## श्री राम कथा कलश यात्रा का सेवादल परिवार ने किया भव्य स्वागत

**सागर।** सागर में श्री राम कथा आयोजन के उपलक्ष्य में कलश यात्रा का आयोजन किया गया, जिसका शहर सेवादल परिवार ने राम प्याऊ, इतवारा बाजार में भव्य और भक्तिमय स्वागत किया। कलश यात्रा में अनंत विभूषित श्री रविशंकर जी महाराज 'रावतपुरा सरकार' को पुष्पमाला अर्पित कर सेवादल अध्यक्ष सिंटू कटारे ने महाराज जी का आशीष प्राप्त किया। स्वागतकर्ताओं में शहर सेवादल अध्यक्ष के साथ रत्नेश रावत, चंदू सोनी, संदीप रावत, समर्थ दीक्षित, प्रशांत सोनी, परख शुक्ला, निक्की यादव आदि भक्त जन उपस्थित रहे।

## पत्नी की प्रताड़ना से परेशान युवक ने किया सुसाइड
### पत्नी और अज्ञात व्यक्ति पर मारपीट-चोरी का आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ खुरई

खुरई देहात थाना क्षेत्र स्थित तेवरी गांव में एक युवक ने पत्नी की प्रताड़ना से तंग आकर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक का शव सोमवार शाम को सिविल अस्पताल लाया गया। सूचना मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मर्ग कायम किया और मामले की जांच शुरू कर दी। तीन दिन पहले ही गांव लौटा था मृतक की पहचान 37 वर्षीय सुरेंद्र अहिरवार के रूप में हुई है। परिजनों ने बताया कि सुरेंद्र इंदौर में मजदूरी करता था और तीन दिन पहले ही गांव आया था। उसकी पत्नी पिछले करीब एक साल से अपने मायके में रह रही थी और कई बार बुलाने पर भी वापस नहीं आ रही थी। पत्नी और अज्ञात व्यक्ति पर मारपीट व चोरी का आरोप मृतक के पिता रामशाह अहिरवार ने बताया कि रविवार को जब परिवार के सदस्य खेत गए थे, तब सुरेंद्र की पत्नी एक अज्ञात व्यक्ति के साथ घर पहुंची। अलमारी की चाबी मांगने को लेकर विवाद हुआ और मना करने पर सुरेंद्र के साथ मारपीट की गई। इसके बाद अलमारी तोड़कर जेवरात और नकदी चोरी कर ली गई। परिजनों का आरोप है कि मारपीट और सार्वजनिक बदनामी के डर से व्यथित होकर सुरेंद्र ने फांसी लगा ली। मृतक के चाचा सुनील अहिरवार ने बताया कि पुलिस ने मौके से एक सुसाइड नोट जब्त किया है, जिसमें पत्नी द्वारा की जा रही प्रताड़ना को ही आत्महत्या की वजह बताया गया है। पुलिस सुसाइड नोट जब्त कर परिजनों से पूछताछ और मामले की जांच कर रही है। मामले की जांच की जाएगी खुरई देहात थाना प्रभारी संतोष सिंह दांगी ने बताया कि युवक ने फांसी लगा ली है। युवक के घर से सुसाइड नोट बरामद हुआ है। पीएम रिपोर्ट और परिजनों के बयानों के बाद जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

## सीजन की सबसे तेज बारिश, किसानों के चेहरों पर खुशी

**खुरई।** लंबे इंतजार के बाद सोमवार शाम 4 बजे इस सीजन की सबसे तेज बारिश ने पूरे शहर को तरबतर कर दिया। देर शाम तक रुक-रुककर बारिश होती रही, जिससे सड़कों पर पानी भर गया और मौसम सुहाना हो गया। तेज बारिश के बाद लोगों को उमस और गर्मी से बड़ी राहत मिली, वहीं किसानों की चिंता भी दूर हो गई। सोमवार सुबह से ही आसमान में घने बादल छाए रहे। दोपहर बाद मौसम ने करवट ली और शाम करीब 4 बजे तेज बारिश शुरू हो गई। देखते ही देखते शहर की सड़कें पानी से भर गईं। कई लोग बारिश का आनंद लेते हुए भीगते नजर आए, जबकि युवाओं और बच्चों ने भी बारिश का जमकर लुत्फ उठाया। सबसे बड़ी राहत किसानों को मिली। पिछले कई दिनों से अच्छी बारिश ने होने से खेतों में खड़ी सोयाबीन सहित अन्य फसलें मुरझाने लगी थीं। बारिश की कमी से किसानों को फसल खराब होने की चिंता सताने लगी थी। सोमवार की झमाझम बारिश ने उनकी उम्मीदों को फिर से जगा दिया। किसानों का कहना है कि इस बारिश से फसलों की बढ़वार तेज होगी और उत्पादन पर सकारात्मक असर पड़ेगा। मौसम में आए इस बदलाव से शहरवासियों ने भी राहत की सांस ली। लगातार पड़ रही उमस और गर्मी के बीच हुई तेज बारिश से मौसम में ठंडक घुल गई है।

### 'मैदानी अमले का सटीक डेटा ही बनेगा सुरक्षित प्रसव और मातृ-शिशु सुरक्षा की नींव'

# अनमोल ऐप 2.0 पर जीरो एरर के साथ दर्ज हो हर गर्भवती महिला की जानकारीः कलेक्टर प्रतिभा पाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

जिले में मातृ मृत्यु दर और शिशु मृत्यु दर को न्यूनतम स्तर पर लाने तथा स्वास्थ्य सूचकांकों में व्यापक सुधार के उद्देश्य से कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल के निर्देशन में जिले के सभी विकासखंडों में मैदानी स्वास्थ्य अमले का ब्लॉक स्तरीय उन्मुखीकरण एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इसी श्रृंखला में आज मंगलवार को देवरी में 'सुमन पंचायत' अंतर्गत मैदानी अमले का मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य उन्मुखीकरण कार्यक्रम संपन्न हुआ। सीएचओ, एएनएम, आशा सहित मैदानी अमले को निर्देश दिए गए हैं कि अनमोल ऐप 2.0 और यू-विन पोर्टल पर शत-प्रतिशत प्रविष्टियां समयबद्ध और त्रुटिरहित दर्ज की जाएं। कलेक्टर प्रतिभा पाल ने कहा है कि जब आशा, एएनएम और सीएचओ 'अनमोल ऐप 2.0' पर 100% सटीक डेटा दर्ज करेंगे तब त्रुटिरहित डेटा से ही समय पर चिकित्सीय देखभाल/ प्रबंधन सुनिश्चित हो सकेगा। बताया गया कि जननी सहायता योजना एवं प्रसूति सहायता योजन का लाभ हितग्राहियों तक पारदर्शी तरीके से पहुंचाने के लिए पात्र महिलाओं के वैध 'समग्र आईडी' और 'आधार' के साथ पोर्टल पर डेटा सत्यापन अनिवार्य किया गया है।

कलेक्टर ने निर्देशित किया कि गर्भवती महिलाओं के पंजीयन की तिथि अत्यंत सावधानी से दर्ज करें, ताकि संभावित प्रसव तिथि का सही आकलन हो सके। कलेक्टर उन्होंने निर्देश दिए कि हाई रिस्क प्रेगनेंट वूमेन की लाइन लिस्टिंग तैयार कर उसे स्वास्थ्य केंद्रों पर चस्पा करें। गर्भवती महिला को 'सुमन सखी चैटबॉट' का अधिक से अधिक उपयोग करने और गर्भवती महिलाओं के परिजनों को भी इससे जोड़ने की बात कही ताकि त्वरित स्वास्थ्य परामर्श और जानकारी मिल सके।



प्रशिक्षण सत्र में पूर्व में हुई मातृ मृत्यु की केस स्टडीज का विश्लेषण कर यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि उच्च रक्तचाप और अन्य जटिलताओं से ग्रस्त माताओं की समय पर पहचान हो। इसके लिए एल्बुमिन किट, बीपी मॉनिटरिंग और पार्टोग्राफ का अनिवार्य उपयोग करने के निर्देश दिए गए हैं। संभावित प्रसव तिथि से 7 से 15 दिन पूर्व ही उच्च जोखिम वाली माताओं को बर्थ वेटिंग रूम में भर्ती कराएं जिससे उनका आवश्यकतानुसार उपचार और प्रबंधन किया जा सके।नवजात शिशुओं की सुरक्षा के लिए गृह आधारित शिशु देखभाल और रूटीन इम्यूनाइजेशन पर विशेष ध्यान केंद्रित किया जा रहा है। सामान्य मामलों में 42 दिन एवं क्रिटिकल मामलों में 56 दिन तक नियमित फॉलो-अप लेने के निर्देश स्वास्थ्य विभाग द्वारा दिए गए हैं। इन गृह भेंट के जरिये शिशुवती माता और परिजनों को माता और शिशु की देखभाल और लक्षण के बारे में जानकारी और काउंसलिंग करने के निर्देश दिए गए हैं। कलेक्टर के निर्देशानुसार जिले के समस्त विकासखंडों के लिए रोस्टर जारी किया गया है। इस प्रशिक्षण में डिलीवरी पॉइंट के नर्सिंग ऑफिसर, सीएचओ, एएनएम, डेटा एंट्री ऑपरेटर, आशा कार्यकर्ता एवं आशा सहयोगी अनिवार्य रूप से उपस्थित रहने के निर्देश दिए गए हैं। प्रशिक्षण सत्रों के सफल संचालन एवं तकनीकी मार्गदर्शन हेतु जिला स्तर से प्रभारी डीआईओ, डीएचओ, नोडल अधिकारी अर्बन, डीपीएम, डीसीएम, एपीएम , सिस्टर ट्यूटर, प्रशिक्षक के रूप में प्रत्येक विकासखंड में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहेंगे।कलेक्टर ने कहा कि, स्वास्थ्य विभाग का जमीनी अमला (आशा, एएनएम, सीएचओ) हमारी मुख्य शक्ति है। यदि मैदानी स्तर पर डेटा और चिन्हांकन में कोई गलती होती है, तो उसका असर सीधे मां और बच्चे की जान पर पड़ता है। इसलिए चिन्हांकन में ज़ीरो एरर सुनिश्चित करें। अगले 3 महीनों के भीतर मैदानी स्तर पर गुणात्मक सुधार न दिखने पर दोषी कर्मचारियों व अधिकारियों के विरुद्ध कठोर अनुशासन ात्मक कदम उठाए जाएंगे। प्रशिक्षण सत्र में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री विवेक केवी , देवरी एसडीएम श्री मुनव्वर खान, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ देवेश पटेरिया सहित स्वास्थ्य विभाग के अन्य अधिकारी और मैदानी अमला मौजूद रहा।

## अवैध उत्खनन और परिवहन पर लगातार कस रहा शिकंजा

# कलेक्टर श्रोत्रिय की निरंतर टकटकी बनी रेत माफियाओं के लिए आफत

हरिभूमि न्यूज ⏭ टीकमगढ़





जिले में अवैध रेत उत्खनन और खनिजों के अवैध परिवहन के खिलाफ कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय की निरंतर टकटकी रूपी सख्त निगरानी रेत माफियाओं के लिए आफत रूपी बड़ी चुनौती बनती जा रही है। कलेक्टर श्रोत्रिय के स्पष्ट निर्देशों के बाद खनिज विभाग लगातार जिले के संवेदनशील क्षेत्रों में सघन निगरानी और कड़ी कार्रवाई कर रहा है। इसी क्रम में सोमवार को मडोरी नदी क्षेत्र और जतारा बाईपास पर कार्रवाई करते हुए दो ट्रैक्टर-ट्रॉलियों को जब्त किया गया। लगातार हो रही कार्रवाई से अवैध खनन में लिप्त लोगों में हड़कंप की स्थिति बनी हुई है।

सहायक खनिज अधिकारी ने बताया कि गोपनीय सूचना के आधार पर खनिज विभाग की टीम ने ग्राम मडोरी नदी क्षेत्र में अचानक दबिश दी। मौके पर एक ट्रैक्टर-ट्रॉली में मजदूर अवैध रूप से नदी से रेत निकालकर भर रहे थे। विभागीय दल को देखते ही मजदूर वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गए। टीम ने ट्रैक्टर-ट्रॉली को नदी से बाहर निकालने का प्रयास किया, लेकिन ट्रॉली का चक्का नदी में फंस जाने के कारण उसे बाहर नहीं निकाला जा सका। इसके बाद ट्रैक्टर को जब्त कर थाना चंदेरा में सुरक्षित खड़ा कराया गया। इसके बाद खनिज विभाग की टीम ने जतारा बाईपास क्षेत्र में निरीक्षण के दौरान खनिज बोल्डर का अवैध परिवहन करते हुए एक ट्रैक्टर-ट्रॉली को पकड़ा। जांच में पाया गया कि वाहन पर कोई पंजीयन क्रमांक अंकित नहीं था। नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर वाहन को जब्त कर थाना जतारा में सुरक्षित रखवा दिया गया। खनिज विभाग के अनुसार दोनों मामलों में मध्यप्रदेश खनिज नियमों के तहत प्रकरण तैयार किए जा रहे हैं। नियमानुसार कार्रवाई पूरी कर अर्थदंड एवं अन्य वैधानिक कार्रवाई के लिए प्रकरण कलेक्टर के समक्ष प्रस्तुत किए जाएंगे। प्रशासन का कहना है कि जिले में अवैध खनिज उत्खनन और परिवहन किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इसके पूर्व भी बड़े बाहनो पर भी लगातार कार्यवाही और मशीनों को नष्ट करने जैसी कड़ी कार्यवाही की गईं। कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय के निर्देशन में खनिज विभाग, राजस्व और पुलिस की संयुक्त निगरानी लगातार जारी है तथा भविष्य में भी ऐसे तत्वों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। लगातार हो रही इस कार्रवाई से अवैध खनन में संलिप्त माफियाओं की गतिविधियों पर प्रभावी अंकुश लगता दिखाई दे रहा है।

सफाई अपनाओ-बीमारी भगाओ अभियान के तहत अपनाएं जा रहे तरीके

# सीएमओ व प्रभारी नपाध्यक्ष द्वारा स्वच्छता को लेकर हो रहे प्रयास

हरिभूमि न्यूज ⏭ टीकमगढ़



शहर को स्वच्छ, सुंदर और रोगमुक्त बनाने की दिशा में सीएमओ ओमपाल सिंह भदौरिया एवं प्रभारी नपाध्यक्ष अंजली शर्मा के नेतृत्व में लगातार प्रभावी प्रयास किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में सफाई अपनाओ, बीमारी भगाओ अभियान के तहत नगर के विभिन्न क्षेत्रों में व्यापक स्वच्छता और जनजागरूकता अभियान चलाया गया। अभियान का उद्देश्य केवल सफाई कराना ही नहीं, बल्कि नागरिकों में स्वच्छता को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने की सोच विकसित करना भी रहा।

अभियान के दौरान नगर की प्रमुख नालियों की विशेष सफाई कर उनमें जमा गाद, प्लास्टिक एवं अन्य ठोस अपशिष्ट हटाए गए, जिससे जल निकासी व्यवस्था बेहतर हुई और जलभराव व मच्छरजनित बीमारियों की आशंका कम हुई। इसके साथ ही मुख्य मार्गों, गलियों, सार्वजनिक स्थलों और आवासीय क्षेत्रों में विशेष सफाई अभियान चलाकर स्वच्छ वातावरण सुनिश्चित किया गया। नगर के विभिन्न पार्कों में भी व्यापक सफाई अभियान चलाया गया। पार्कों में फैले कचरे, सूखी पत्तियों और अन्य अपशिष्टों का वैज्ञानिक तरीके से निष्पादन कर उन्हें स्वच्छ एवं आकर्षक बनाया गया। वहीं तालाबों और अन्य जलाशयों के आसपास जमा कचरा हटाकर जल स्त्रोतों की स्वच्छता और संरक्षण का संदेश भी दिया गया। नागरिकों से अपील की गई कि वे जलाशयों में कचरा न डालें और जल संरक्षण के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाएं। स्वच्छता अभियान केवल सफाई तक सीमित नहीं रहा, बल्कि विद्यालयों में स्वच्छ हाथ अभियान के माध्यम से विद्यार्थियों को हाथ धोने की सही तकनीक का व्यावहारिक प्रशिक्षण भी दिया गया। बच्चों को व्यक्तिगत स्वच्छता, रोगों से बचाव और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया गया, ताकि वे स्वयं भी जागरूक बनें और अपने परिवार को भी इसके लिए प्रेरित करें। नगर पालिका द्वारा घर-घर जाकर लोगों को गीले एवं सूखे कचरे का पृथक्करण, कचरा खुले में नहीं फेंकने तथा स्वच्छता को अपनी आदत बनाने के लिए जागरूक किया गया। अधिकारियों ने कहा कि जनसहभागिता के बिना स्वच्छ शहर की परिकल्पना पूरी नहीं हो सकती। इसलिए प्रत्येक नागरिक की भागीदारी इस अभियान की सफलता के लिए आवश्यक है। नगर पालिका के इस व्यापक अभियान से शहर में स्वच्छता के प्रति सकारात्मक माहौल बना है। सीएमओ भदौरिया एवं प्रभारी नपाध्यक्ष शर्मा ने नागरिकों से अपील की है कि वे नगर को स्वच्छ, सुंदर और स्वस्थ बनाने के इस अभियान में सक्रिय सहयोग देकर टीकमगढ़ को स्वच्छता के क्षेत्र में नई पहचान दिलाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएं।

## शिवराजपुर में नाला बंद होने से खेतों में भरा बारिश

# पुल निर्माण लापरवाही में 20 एकड़ फसल जलमग्न, जनसुनवाई में शिकायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ टीकमगढ़



जिले की मोहनगढ़ तहसील के ग्राम शिवराजपुर में हरपुरा तालाब जोड़ो नहर योजना के तहत चल रहे पुल निर्माण कार्य ने किसानों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। निर्माण कार्य के दौरान नाले का रास्ता बंद कर दिए जाने से बारिश का पानी खेतों में भर गया, जिससे लगभग 20 एकड़ में खड़ी फसल जलमग्न होकर बर्बाद होने लगी है।

समस्या से परेशान किसानों ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट पहुंचकर जनसुनवाई में शिकायत दर्ज कराते हुए तत्काल राहत और मुआवजे की मांग की। किसानों का आरोप है कि पुल निर्माण के दौरान नाले को बंद कर दिया गया था, लेकिन निर्माण एजेंसी द्वारा पानी की निकासी की कोई वैकल्पिक व्यवस्था नहीं की गई। लगातार हो रही बारिश के कारण खेतों में पानी भरता चला गया और अब फसलें पूरी तरह डूबने लगी हैं। किसानों का कहना है कि यदि शीघ्र निकासी की व्यवस्था नहीं की गई तो बची हुई फसल भी पूरी तरह नष्ट हो जाएगी। पीड़ित किसान नाथूराम यादव ने बताया कि नाला बंद होने के कारण बारिश का पानी खेतों से बाहर नहीं निकल पा रहा है। इसके चलते उनकी मेहनत पर पानी फिर गया है। उन्होंने कहा कि समय रहते नाला खोल दिया जाता तो इतनी बड़ी क्षति नहीं होती। अब खेतों में कई दिनों से पानी भरा होने के कारण फसलें सड़ने लगी हैं और किसानों को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। समस्या को लेकर प्रभावित किसान मंगलवार को जनसुनवाई में पहुंचे और अधिकारियों को ज्ञापन सौंपा। किसानों ने मांग की कि पुल निर्माण के कारण बंद किए गए नाले और नहर को तत्काल खोला जाए, ताकि खेतों में भरा पानी बाहर निकल सके। साथ ही प्रभावित खेतों का राजस्व एवं कृषि विभाग से संयुक्त सर्वे कराकर फसल नुकसान का आकलन किया जाए तथा शासन की राहत नीति के अनुसार उचित मुआवजा उपलब्ध कराया जाए।

किसानों ने निर्माण कार्य में गंभीर लापरवाही का आरोप लगाते हुए पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराने और दोषी एजेंसी तथा संबंधित अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की भी मांग की है। उनका कहना है कि विकास कार्यों के नाम पर किसानों की आजीविका को नुकसान पहुंचाना किसी भी स्थिति में उचित नहीं है। अब जनसुनवाई में शिकायत दर्ज होने के बाद प्रशासन की कार्रवाई पर किसानों की निगाहें टिकी हैं। यदि समय रहते पानी की निकासी की व्यवस्था नहीं की गई तो नुकसान का दायरा और बढ़ सकता है। ऐसे में प्रशासन के सामने किसानों की फसल बचाने के साथ-साथ उन्हें समय पर राहत और न्याय दिलाने की बड़ी चुनौती खड़ी हो गई है।

# 3 किमी कीचड़ व उफनते नाले से गुजरने को मजबूर ग्रामीण

## 2008 में मिली थी पुलिया की स्वीकृति, 18 साल बाद भी निर्माण अधूरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ टीकमगढ़



एक ओर सरकार गांव-गांव तक सड़क, पुल और मूलभूत सुविधाएं पहुंचाने के दावे कर रही है, वहीं बुंदेलखंड के टीकमगढ़ जिले में आज भी कई गांव ऐसे हैं, जहां विकास केवल कागजों तक सीमित नजर आता है। जिले की देरी ग्राम पंचायत का रौतेला मोहल्ला इसका जीवंत उदाहरण है, जहां बरसात का मौसम ग्रामीणों के लिए किसी परीक्षा से कम नहीं होता। सड़क और पुलिया के अभाव में करीब 400 की आबादी हर साल जान जोखिम में डालकर आवागमन करने को मजबूर है।

ग्रामीणों के अनुसार गांव तक पहुंचने के लिए लगभग तीन किलोमीटर लंबे कच्चे रास्ते से गुजरना पड़ता है, जो बारिश के दिनों में पूरी तरह कीचड़ में तब्दील हो जाता है। इसके बाद एक उफनते नाले को पार करना पड़ता है। तेज बारिश के दौरान नाले का जलस्तर बढ़ जाने से आवागमन पूरी तरह बाधित हो जाता है और गांव का संपर्क आसपास के क्षेत्रों से लगभग कट जाता है। ग्रामीणों का कहना है कि कई बार स्कूल जाने वाले बच्चों को पढ़ाई छोड़नी पड़ती है, जबकि बीमार मरीजों को अस्पताल तक पहुंचाने में भारी दिक्कत होती है। सबसे अधिक परेशानी गर्भवती महिलाओं, बुजुर्गों और छोटे बच्चों को झेलनी पड़ती है। कई बार लोग जान जोखिम में डालकर नाला पार करते हैं, जिससे हमेशा किसी बड़े हादसे की आशंका बनी रहती है। ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम पंचायत द्वारा केवल कच्ची सड़क का निर्माण कराया गया, लेकिन सबसे जरूरी नाले पर पुलिया आज तक नहीं बन सकी। उन्होंने बताया कि वर्ष 2008 में पुलिया निर्माण की स्वीकृति मिल चुकी थी, लेकिन करीब 18 वर्ष बीत जाने के बाद भी निर्माण कार्य शुरू नहीं हुआ। इससे यह सवाल उठ रहा है कि आखिर स्वीकृति मिलने के बावजूद पुलिया का निर्माण क्यों नहीं कराया गया। उन्होंने बताया कि रौतेला ग्राम पंचायत का एक प्रमुख मोहल्ला है, जहां लगभग 400 लोग निवास करते हैं और 200 से अधिक मतदाता हैं। इसके बावजूद आज तक यहां के लोगों को पक्की सड़क और पुलिया जैसी मूलभूत सुविधा उपलब्ध नहीं हो सकी। ग्रामीणों का कहना है कि चुनाव के समय विकास के कई वादे किए जाते हैं, लेकिन बरसात आते ही उनकी समस्याएं फिर सामने आ जाती हैं। ग्रामीणों ने प्रशासन और जनप्रतिनिधियों से मांग की है कि रौतेला मोहल्ले तक पक्की सड़क का निर्माण कराया जाए तथा नाले पर शीघ्र पुलिया बनाई जाए, ताकि वर्षों से चली आ रही इस गंभीर समस्या का स्थायी समाधान हो सके। उनका कहना है कि यदि समय रहते निर्माण कार्य शुरू नहीं हुआ तो हर वर्ष बरसात में उन्हें इसी तरह जोखिम उठाकर जीवनयापन करना पड़ेगा। अब ग्रामीणों की निगाहें प्रशासन और जनप्रतिनिधियों पर टिकी हैं। सवाल यह है कि आखिर 18 वर्षों से लंबित पुलिया निर्माण कब पूरा होगा और सौतेला मोहल्ले के लोगों को सुरक्षित आवागमन की सुविधा कब मिलेगी।

## कार्यशाला में निःशुल्क सैनिटरी पैड बांटे

# मासिक धर्म पर खुलकर करें बात स्वच्छता अपनाएं, रहें स्वस्थः वी क्लब

हरिभूमि न्यूज ⏭ टीकमगढ़



वी क्लब टीकमगढ़ द्वारा नजरबाग स्थित शासकीय हाईस्कूल शिशु मंदिर में किशोरियों के स्वास्थ्य एवं स्वच्छता को लेकर मासिक धर्म जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में छात्राओं को मासिक धर्म के दौरान स्वच्छता, संक्रमण से बचाव, सही देखभाल तथा स्वास्थ्य संबंधी आवश्यक जानकारियां दी गईं। साथ ही लगभग 150 छात्राओं को निःशुल्क सैनिटरी पैड वितरित किए गए।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि वार्ड क्रमांक-16 की पार्षद आरती साहू एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. रेखा बड़गैंया ने छात्राओं का मार्गदर्शन किया। वी क्लब की अध्यक्ष पूनम अग्रवाल ने कहा कि मासिक धर्म प्रत्येक लड़की के जीवन की एक स्वाभाविक एवं प्राकृतिक प्रक्रिया है। इस दौरान यदि किसी प्रकार की शारीरिक परेशानी हो तो उसे छिपाने के बजाय अपनी मां, दादी, चाची या बड़ी बहन से बिना किसी झिझक के साझा करना चाहिए। जागरूकता और खुलकर संवाद ही बेहतर स्वास्थ्य की पहली सीढ़ी है। मुख्य अतिथि आरती साहू ने कहा कि मासिक धर्म के दौरान व्यक्तिगत स्वच्छता का विशेष ध्यान रखना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने छात्राओं से नियमित रूप से साफ-सफाई रखने और संक्रमण से बचाव के उपाय अपनाने की अपील करते हुए कहा कि स्वस्थ तन में ही स्वस्थ मन का वास होता है। स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. रेखा बड़गैंया ने छात्राओं को मासिक धर्म से जुड़े वैज्ञानिक तथ्यों की जानकारी देते हुए बताया कि सामान्य दर्द होना स्वाभाविक है, लेकिन यदि दर्द असहनीय हो तो चिकित्सक से तत्काल परामर्श लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि यदि कोई छात्रा कपड़े का उपयोग करती है तो वह पूरी तरह साफ और स्वच्छ होना चाहिए, क्योंकि गंदे कपड़े के इस्तेमाल से संक्रमण और कई गंभीर बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। उन्होंने बाजार एवं प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्रों पर उपलब्ध किफायती सैनिटरी पैड का उपयोग करने की सलाह दी तथा उपयोग के बाद उनका सुरक्षित एवं वैज्ञानिक तरीके से निस्तारण करने की जानकारी भी दी। कार्यक्रम के दौरान वी क्लब द्वारा लगभग 150 छात्राओं को निःशुल्क सैनिटरी पैड वितरित किए गए। साथ ही पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए अतिथियों का पौधे भेंटकर सम्मान किया गया। कार्यक्रम में वी क्लब अध्यक्ष पूनम अग्रवाल, सचिव शिवानी खेबरिया, कोषाध्यक्ष विभा श्रीवास्तव, रजनी रावत, शशि शुक्ला, सुनीता वर्मा, दिव्या अग्रवाल, ममता जैन, अनुराधा जैन, विद्यालय की प्राचार्य रजनी जैन, क्लब की सदस्याएं, शिक्षकगण तथा बड़ी संख्या में छात्राएं उपस्थित रहीं।

## तत्काल जलनिकासी कराकर खुलवाया एक घंटे से लगा हुआ बैरवार का जाम, स्थाई समाधान की पहल

# तहसीलदार पलक के सूझबूझ व त्वरित एक्शन से सुलझा विवाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ टीकमगढ़





जिले की जतारा जनपद अंतर्गत ग्राम बैरवार में मंगलवार को बारिश के बाद सड़क पर घुटनों तक पानी भर जाने से ग्रामीणों का आक्रोश फूट पड़ा। जलभराव और कीचड़ से त्रस्त हो चुके ग्रामीणों ने सड़क पर जाम लगाकर प्रदर्शन शुरू कर दिया, जिससे करीब एक घंटे तक आवागमन पूरी तरह बाधित रहा। उक्त सूचना मिलते ही तहसीलदार पलक जैन पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने शांतिपूर्वक ग्रामीणों से संवाद किया, उनकी समस्याएं सुनीं और मौके पर ही त्वरित कार्रवाई की, साथ ही शीघ्र ही स्थाई समाधान का भरोसा दिलाकर जाम समाप्त कराया।

ग्रामीणों का कहना था कि बारिश के दौरान सड़क पर पानी भर जाने से गांव की स्थिति बेहद खराब हो जाती है। सड़क पर घुटनों तक पानी और कीचड़ होने के कारण पैदल निकलना भी मुश्किल हो जाता है। सबसे अधिक परेशानी स्कूली बच्चों, बुजुर्गों, महिलाओं और रोजमर्रा के काम से आने-जाने वाले लोगों को उठानी पड़ रही है। कई बार शिकायत करने के बावजूद समस्या का स्थायी समाधान नहीं होने से ग्रामीणों में नाराजगी बढ़ती गई और आखिरकार उन्होंने सड़क जाम कर विरोध दर्ज कराया। उक्त स्थिति की जानकारी मिलते ही तहसीलदार पलक जैन पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने प्रदर्शन कर रहे ग्रामीणों से चर्चा कर उनकी शिकायतों को गंभीरता से सुना और तुरंत मौके पर ही जल निकासी की व्यवस्था शुरू कराई। प्रशासन की त्वरित कार्रवाई और तहसीलदार पलक जैन की समझाइश के बाद ग्रामीणों ने प्रदर्शन समाप्त कर जाम खोल दिया, जिससे यातायात पुनः सुचारु हो सका। तहसीलदार पलक जैन ने बताया कि शिकायत मिलते ही सड़क पर भरे पानी की निकासी के लिए तत्काल आवश्यक इंतजाम कराए गए हैं। उन्होंने बताया कि संबंधित सड़क का निर्माण एमपीआरडीसी द्वारा कराया गया है, इसलिए स्थायी समाधान के लिए संबंधित विभाग को भी सूचना भेज दी गई है, ताकि भविष्य में इस प्रकार की समस्या दोबारा उत्पन्न न हो। वही ग्रामीणों ने बताया कि नाली पर हुए अतिक्रमण के कारण बारिश का पानी प्रतिवर्ष सड़क पर भर जाता है और हर वर्ष यही स्थिति बनती है। उनका कहना है कि यदि जल निकासी की स्थायी व्यवस्था नहीं की गई तो बरसात के दिनों में लोगों को इसी तरह परेशानी झेलनी पड़ेगी।

पाहुना लोक जन समिति के तीन दिवसीय नाट्य महोत्सव का शानदार समापन

# प्रभावशाली अभिनय व व्यंग्यपूर्ण संवादों ने दर्शकों को अंत तक बांधा

हरिभूमि न्यूज ⏭ टीकमगढ़



संस्कृति विभाग के सहयोग से पाहुना लोक जन समिति द्वारा आयोजित तीन दिवसीय नाट्य महोत्सव का समापन रविवार को हास्य-व्यंग्य से भरपूर नाटक अलादाद खां की प्रभावशाली प्रस्तुति के साथ हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला एडीएम रानू खरे एवं पूर्व विधायक अजय यादव ने दीप प्रज्वलित कर किया। नाटक की रोचक कहानी, प्रभावशाली अभिनय और व्यंग्यपूर्ण संवादों ने दर्शकों को अंत तक बांधे रखा।

नाटक की कहानी जुग्गन नामक पात्र के इर्द-गिर्द घूमती है, जिसका प्रिय गधा मर जाता है। जुग्गन ने अपने गधे का नाम अलादाद रखा होता है और वह उसके निधन पर विलाप करता हुआ घूमता है। इसी बीच कोतवाल की सूचना से सनकी नवाब को गलतफहमी हो जाती है कि अलादाद खां कोई प्रतिष्ठित व्यक्ति था। जनता के बीच संवेदनशील शासक की छवि बनाने के उद्देश्य से नवाब स्वयं उसके जनाजे को कंधा देने की घोषणा कर देता है। कहानी में हास्य का मोड़ तब आता है, जब नवाब को पता चलता है कि जिस अलादाद खां को वह सम्मान देने जा रहा था, वह कोई इंसान नहीं बल्कि एक गधा था। इस पर क्रोधित होकर वह कोतवाल को फांसी देने का आदेश सुना देता है। अपनी जान बचाने की कोशिश में परेशान कोतवाल की मुलाकात एक दुकान पर अलादाद खां नाम के युवक से होती है और यहीं से घटनाक्रम अप्रत्याशित और बेहद मनोरंजक मोड़ ले लेता है। नाटक ने हास्य के माध्यम से सत्ता, दिखावे और गलतफहमियों पर तीखा व्यंग्य प्रस्तुत किया, जिसे दर्शकों ने खूब सराहा। समापन समारोह में नाटक के निर्देशक शिवेंद्र शुक्ला का सम्मान किया गया।

## जमीन पर निर्माण का विरोध करने पर लाठी-डंडों से हमला कर धमकाया

**ललितपुर।** थाना बार क्षेत्र के ग्राम धनगौल में जमीन पर जबरन निर्माण कार्य का विरोध करना एक ग्रामीण को भारी पड़ गया। आरोप है कि गांव के चार लोगों ने गाली-गलौज करते हुए उसके साथ लाठी-डंडों से मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने चारों नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। ग्राम धनगौल निवासी प्रभुदयाल पुत्र गनेश प्रजापति ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि 19 जुलाई 2026 की सुबह करीब 8 बजे वह अपने घर पर मौजूद था। इसी दौरान गांव के शिवप्रसाद पुत्र रगवर प्रजापति, जगदीश पुत्र रगवर प्रजापति, सुरेन्द्र पुत्र शिवप्रसाद तथा जीतू पुत्र जगदीश उसकी जमीन पर कथित रूप से जबरन मकान का निर्माण कराने लगे।


**कार्यालय नगर पालिका परिषद टीकमगढ़ (म.प्र.)**

**Email - cmoTikamgarh@mpurban.gov.in Phone-07683-245323**

क्रमांक/4091/न.पा./निर्माण/2026 :: ऑनलाईन निविदा आमंत्रण सूचना :: टीकमगढ, दिनांक 16/07/2026

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट http://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेण्डर क्रमांक एवं जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं (EMD) | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2026_UAD_523159_1 21/07/2026 को सायं 05.00 बजे से | वार्ड नं. 05 में मुक्तिधाम के अंदर शौचालय का निर्माण कार्य । | 3 माह 817644.00 | 2000/- 8176/- | 07.08.2026 को सांय 05.30 बजे तक |

1. मध्यप्रदेश शासन नगरीय विकास एवं आवास विभाग मंत्रालय का पत्र क्रं./ एफ.237/2024/18-2 भोपाल दिनांक 09.09.2024 प्रभावशील रहेगा जो कि निविदा एवं अनुबंध का भाग है।

नोट :- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन की बेबसाईट पर ही किया जावेगा पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नही किया जावेगा।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद टीकमगढ
जिला-टीकमगढ़ (म.प्र)

### सोमवार की रात के बाद मंगलवार को दिनभर हुई रुक रुक कर बारिश

# आसमान से बूंद बनकर बरसी रहमत, किसानों के चेहरे खिले

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

लंबा इंतजार कराने के बाद आखिरकार मानसून ने जिले में आमद दर्ज करा ही दी। मंगलवार को आसमान से दिन भर बारिश बरसती रही हालांकि बारिश मूसलाधार नहीं हुई लेकिन कभी रिमझिम कभी झमझमाहम बरसती रही जिसने सूखे पड़े खेतों में अमृत भरने का काम जरूर किया। इससे लम्बे समय से अवर्षा की स्थिति झेल रहे किसानों के चेहरों पर खींची चिंता की लकीरें भी गायब होकर चेहरे खिले दिखाई पड़ने लगे।

वैसे तो दो-तीन दिनों से आसमान में बादल छाए हुए थे और बारिश की संभावना बनी हुई थी। सोमवार को दिन में मामूली फुहारें आकर रह गई लेकिन रात को रिमझिम बारिश शुरू हो गई जो मंगलवार को दिन भर जारी रही। रुक-रुक कर होती रही यह बारिश खेती किसानी के लिए मुफीद साबित होगी ऐसा कृषि वैज्ञानिक बता रहे है। ज्ञात हो कि लंबे समय से बारिश नहीं होने की वजह से कई किसानों को अपने खेतों में बोई फसल को सूख जाने के कारण उलटना पड़ा है और नए सिरे से बुवाई करनी पड़ी है। ऐसी स्थिति में बारिश और नहीं बरसने से किसान के सामने जीवन मरण का प्रश्न आन खड़ा हुआ था खास कर जिन खेतों में धान की रोपाई हो चुकी है हालांकि बोर से धान में पानी दिया जा रहा है लेकिन धान की फसल में जब तक आसमान से बरसा पानी न लगे तब तक कितना भी पानी दिया जाए अपर्याप्त ही होता है। बस इसी चिंता में किसान दुखी हुए जा रहे थे लेकिन मंगलवार को उनके दुखों का शायद अंत तब हो गया जब झमाझम बारिश खूब बरसी। मौसम विभाग के अनुसार बारिश का अलर्ट 5 दोनों का है जो तेज और मूसलाधार होने की संभावना है। हालांकि मंगलवार को मूसलाधार बारिश देखने को नहीं मिली लेकिन बारिश से खेत जरूर पानी से भर गए।



#### नदी नाले भरे, जंगल में आई बहार

उधर जंगल में बारिश तेज होने की सूचना है सोमवार को रात की बारिश से सीप की सहायक नदियां कदवाल और अमराल में पानी आ गया। एक दिन पहले तक विलुप्त हो रही इन नदियों में मंगलवार को अच्छा खासा पानी दिखाई दिया कराहल वनांचल की कई जंगली नदियां पानी से भर गई। छोटे तालाब पोखर भी पानी भी से लबा-लाभ हो गए। जंगल पहले से ही हुई बारिश के कारण हरा भरा हो चुका है कुल मिलाकर जंगल अब जानवरों के रहने के लिए मुफीद ठिकाना बन चुका है।

#### कलेक्टर के निर्देश पर कर्मचारी अलर्ट

मौसम विभाग द्वारा दी गई चेतावनी को ध्यान में रखते हुए कलेक्टर शीला दाहिमा ने जिले के तीनों एसडीएम और तीनों सीएमओ को अलर्ट मोड पर रहने के निर्देश दे दिए हैं। नगर पालिका परिषद श्योपुर, नगर परिषद विजयपुर और नगर परिषद बड़ौदा ने नालों और नदियों वाले स्थान पर कर्मचारी तैनात कर दिए हैं जो समय-समय पर जल भराव की सूचना कंट्रोल रूम पर दे रहे हैं। लोगों से मिल रही है सूचना पर भी नालों की सफाई और जल निकासी में व्यवधान को हटाने का काम तत्काल किया जा रहा है।

#### 6.20 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज

श्योपुर जिले में 21 जुलाई को 6.20 मिली मीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। अधीक्षक भू-अभिलेख द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार 21 जुलाई को श्योपुर में 03, कराहल में 22 एवं वीरपुर में 06 मिली मीटर एवं बडौदा, विजयपुर में शून्य मिली मीटर वर्षा दर्ज की गई है। इस वर्ष दिनांक 01 जून 2026 से अभी तक जिले में कुल 186.92 मिली मीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। गत वर्ष इस अवधि तक 770.58 मिली मीटर औसत वर्षा दर्ज की गई थी। जिले की औसत की वर्षा 822 मिली मीटर है।

### भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा को लेकर अंतिम तैयारी बैठक आयोजित

## रथ में सवार होकर एक दिन पहले श्योपुर पहुंचेंगे भगवान जगन्नाथ, पर्यटक भवन में करेंगे विश्राम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

जगन्नाथपुरी की तरह भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा 24 जुलाई को श्योपुर शहर में निकाली जाएगी। भगवान जगन्नाथ, अपने बड़े भाई बलभ्रद तथा बहन सुभद्रा के साथ रथ में सवार होकर एक दिन पहले यानि 23 जुलाई की शाम को श्योपुर पहुंच जाएंगे और यहां शहर के बायपास रोड स्थित पर्यटक भवन में विश्राम करेंगे। पर्यटक भवन में ही 24 जुलाई की सुबह भगवान जगन्नाथ जी की मंगला आरती होगी। इस रथ यात्रा को लेकर आयोजन समिति अंतर्राष्ट्रीय कृष्ण भावना मत संघ इस्कॉन श्योपुर की अंतिम तैयारी बैठक सोमवार की शाम को श्योपुर स्थित इस्कॉन कार्यालय पर आयोजित की गई।

इस्कॉन की श्योपुर जिला संयोजक अनिता सिकरवार ने बताया कि बैठक में भगवान



जगन्नाथ जी की रथ यात्रा को लेकर सभी तैयारियो को अंतिम रूप प्रदान कर दिया गया है। 24 जुलाई को भगवान जगन्नाथ जी रथ यात्रा दोपहर तीन बजे शहर के पाली रोड स्थित कॉलेज परिसर से आरंभ होगी। इसके लिए कॉलेज प्रशासन से अनुमति ले ली गई है। कॉलेज से शुरू होने वाली भगवान जगन्नाथ जी की रथ यात्रा शहर के पाली रोड, खुलखुली माता मंदिर, पटेल चैक, गांधी पार्क होते हुए श्री रामतलाई हनुमान मंदिर पर आकर महाआरती के साथ सम्पन्न होगी। गाजेबाजे और भजन कीर्तन के साथ चलने वाली भगवान जगन्नाथ जी की रथ यात्रा का मार्ग में जगह जगह स्वागत किया जाएगा। भगवान जगन्नाथ जी के रथ को धर्मप्रेमी लोग ही खींचेगे, इसलिए रथ के दोनो तरफ रस्से बंधे रहेगे। भगवान के रथ को खींचकर पुण्य लाभ अर्जित करने के लिए अधिक से अधिक धर्मप्रेमी इस रथ में शामिल होकर अपनी भागीदारी निभाए। बैठक के दौरान विद्या सागर गौतम, भोलाराम सोनी, सूबेदार सिंह सिकरवार, नंदिनी गौतम सहित बडी संख्या में समिति सदस्य मौजूद थे।

#### आज विजयपुर में निकलेगी रथ यात्रा

भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा श्योपुर से पहले 22 जुलाई को विजयपुर शहर में निकलेगी। बताया गया है कि विजयपुर में यह रथ यात्रा फाटक वाले हनुमान जी मंदिर से शुरू होगी जो नगर भ्रमण करते हुए बालाजी गार्डन पहुंचकर सम्पन्न होगी। जहां भंडारा भी आयोजित किया जाएगा।

## एक माह गुजरने के बाद भी नियुक्त नहीं हुए बीईओ, रुक सकता है शिक्षकों का वेतन!




हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

खंड शिक्षाधिकारी श्योपुर मधु शर्मा के स्थानांतरण के एक माह बाद भी इस पद से संबद्ध डीडीओ पावर किसी को नहीं सौंपा गया है। जिसकी वजह से शिक्षकों को अगस्त माह में फिर से आर्थिक व मानसिक संकट से जूझना पड़ सकता है। इस बड़ी समस्या के अविलंब निदान की मांग के साथ एक आवेदन कलेक्टर हेल्पलाइन में भेजा गया है।

कलेक्टर को जारी हेल्पलाइन के व्हाट्सअप नंबर पर प्रेषित आवेदन में श्योपुर विकासखंड के शिक्षकों के वेतन आहरण की व्यवस्था के संबंध में आने वाली समस्या का स्पष्ट उल्लेख किया गया है। आवेदन में बताया गया है कि विगत माह खंड शिक्षा अधिकारी श्योपुर के स्थानांतरण के बाद उनका पदभार आहरण/संवितरण के अधिकार के साथ अभी तक किसी को नहीं सौंपा गया है। इस कारण कोषालय में समय पर पत्रक जमा होना संभव नहीं है। इस स्थिति में श्योपुर क्षेत्र के शिक्षक वेतन में विलंब के कारण आर्थिक समस्या के साथ उस साख को लेकर मानसिक परेशानी का शिकार हो सकते हैं, जो बैंक ऋण की किश्त का 05 अगस्त के पूर्व भुगतान न हो पाने से उत्पन्न होगी। शिक्षक हित में कलेक्टर से समस्या की गंभीरता को दृष्टिगत रखते हुए दायित्व निर्वाह में बरती जा रही उदासीनता को दूर कर अविलंब आदेश पारित करने हेतु निर्देश डीईओ को दिए जाने की मांग की गई है ताकि संभावित समस्या का निदान समय रहते सुनिश्चित हो सके।

#### कौन बन सकता है बीईओ

शासन की ओर से बीईओ नियुक्त नहीं होने की स्थिति में कलेक्टर के अनुसंधान पर जिला शिक्षा अधिकारी विकासखंड के किसी प्रिंसिपल को खंड शिक्षा अधिकारी बन सकते हैं। इस मामले में कन्या उमावि के संकल्प प्रिंसिपल एमएल गर्ग सीनियरिटी के हिसाब से पहले नंबर पर और सीएम राइज स्कूल के प्रिंसिपल अशोक खंडेलवाल सीनियरिटी के हिसाब से दूसरे नंबर पर तथा सीताराम आदिवासी सीनियरिटी के हिसाब से तीसरे नंबर पर आते हैं। यही तीन प्रिंसिपल है जिनमें से किसी को प्रभाव दिया जा सकता है अगर यह तीनों प्रिंसिपल किन्ही कारणों से प्रभाव लेने से इनकार कर देते हैं तो फिर किसी लेक्चर को बीईओ का पद सोपा जा सकता है और उसके लिए श्री हजारेश्वर स्कूल में पदस्थ मनोज पाराशर इकलौते विकल्प हैं।

#### इनका कहना...

बीईओ की नियुक्ति आज या कल में हो जानी चाहिए( कलेक्टर से मिले निर्देश पर फ़ाइल तैयार कर सीईओ जिला पंचायत को भेज दी गई है। मांगे जाने पर नियमावली भी दे दी है कलेक्टर का अनुमोदन मिलते ही बीईओ पदस्थ कर दिए जाएंगे। किसी का वेतन नहीं रुकेगा।

यश जैन
डीईओ श्योपुर

### देहात और मानपुर थाना क्षेत्र में एक ही रात में अंजाम दी गई थीं दोनों वारदात

## भैस चोरी की दो वारदातों का पुलिस ने खोला राज, 6 चोर दबोचे, 3 अभी फरार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

भलेही एसपी सुधीर कुमार अग्रवाल का टीकमगढ़ जिले में ट्रांसफर हो गया है, मगर उन्होंने टीकमगढ़ के लिए रिलीव होने से पहले श्योपुर जिले में एक ही रात में दो थाना क्षेत्रों में अंजाम दी गई भैस चोरी की दो वारदातों का राजफाश कर दिया है। भैसों को चोरी कर लोडिंग वाहन में भरकर राजस्थान ले जाने की यह दोनो वारदाते श्योपुर और राजस्थान के चोरों ने मिलकर अंजाम दी है। पुलिस ने 6 चोरों को दो भैस और एक लोडिंग वाहन के साथ दबोच लिया है। जिनमें दो चोर श्योपुर जिले के तो 4 चोर राजस्थान के जयपुर और टोंक जिले के निवासी बताए गए है। इस मामले में फिलहाल तीन चोर और एक लोडिंग वाहन पुलिस की पकड से दूर बताए जा रहे है। जिनकी पुलिस तलाश कर रही है।

एसडीओपी श्योपुर राजीव कुमार गुप्ता ने बताया कि 3-4 जुलाई की दरमियानी रात को भैस चोरी की यह दोनों वारदाते अंजाम दी गई थी। इस दौरान देहात थाना क्षेत्र के ग्राम बर्धाबुजुर्ग निवासी रामभरत पुत्र रंगलाल मीणा की 6 भैसे चोरी हो गई। वहीं मानपुर थाना क्षेत्र के ग्राम हीरापुर निवासी मनोज सिकरवार की 8 भैस चोरी हो गई। चुराई गई भैसों को जंगल में एकत्रित करके लोडिंग वाहनों में भरकर राजस्थान भेजा गया है। एसपी सुधीर कुमार अग्रवाल ने 2 पुलिस टीमे गठित करते हुए इन चोरियों का खुलासा जल्द करने के निर्देश दिए। तकनीकी साक्ष्य और मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए दोनों भैस चोरी की वारदातों का खुलासा कर लिया है। भैस चोरी की यह दोनो वारदाते एक ही गैंग ने मिलकर अंजाम दी है। गैंग के छह सदस्यों को अरेस्ट कर लिया है, जिनमें ओमप्रकाश पुत्र सोंजीराम भोंपा तथा उसका भाई राकेश भोंपा निवासी कालवाड जयपुर, सुरेश पुत्र पप्पू भोंपा नायक तथा उसका भाई नवरत्न भोंपा नायक निवासी टोंक राजस्थान, सोनू पुत्र दुलीचंद बाथम निवासी बंजाराडैम श्योपुर, जुगराज जाटव निवासी चकबमूलिया शामिल है। इस खुलासे में मानपुर टीआई सतीश कुमार दुबे, देहात थाना प्रभारी राहुल रघुवंशी, दुर्गापुरी चौकी प्रभारी प्रदीप सिंह भदौरिया, एएसआई रानी तोमर, प्रआ सतेन्द्र सिंह जादौन, अरविंद सिंह, चंद्रशेखर शर्मा, गिरवर कुशवाह, आरक्षक राजबल्लभ यादव, योगेश शर्मा,धर्मेन्द्र गुर्जर की अहम भूमिका रही है।



## श्योपुर नपा में 6 एल्डरमैन मनोनित, भाजपा ने किया स्वागत



हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

नगर पालिका परिषद श्योपुर में तीन पूर्व पार्षद समेत 6 लोगों को एल्डरमैन मनोनित किया गया है। जिनमें उमा शर्मा, सरोज तोमर, बंटी आर्य, शेरू धूलिया, रामसिंह प्रजापति एवं गुलाब राजोरिया शामिल है। सभी मनोनित एल्डनमैन को भाजपा जिला कार्यालय पर आमंत्रित करके उनका भाजपा जिलाध्यक्ष शशांक भूषण समेत अन्य भाजपा पदाधिकारियों ने माला पहनाकर एवं मिठाई खिलाकर आत्मीय स्वागत किया। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष शशांक भूषण ने कहा कि आप सभी लोगो को श्योपुर नगर की जनता की आवाज बनकर उनकी समस्याओं को नगर पालिका परिषद के समक्ष प्रभावी ढंग से रखने और उनके निराकरण में सक्रिय भूमिका निभाने का महत्वपूर्ण दायित्व सौंपा गया है। उन्होने विश्वास व्यक्त करते हुए कहा कि आपके अनुभव, समर्पण और सक्रिय सहभागिता से श्योपुर नगर के विकास को नई गति, नई दिशा और नई ऊंचाइयां प्राप्त होंगी तथा संगठन भी और अधिक सशक्त एवं मजबूत बनेगा। इस अवसर पर भाजपा के वरिष्ठ नेता कैलाश नारायण गुप्ता, पूर्व जिलाध्यक्ष अशोक गर्ग, नपाध्यक्ष रेणु सुजीत गर्ग,जिला महामंत्री संजय अकोदिया, नगर अध्यक्ष संजय मंगल, किसान मोर्चा अध्यक्ष गौरीशंकर मीणा, नगर पालिका प्रतिनिधि सुजीत गर्ग, महिला मोर्चा अध्यक्ष नेहा कुलश्रेष्ठ, सुमित सिंघल, दिनेश राज दुबोलिया सहित भाजपा के वरिष्ठ पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## चंबल नहर में अधिक पानी छोड़े जाने की मांग को लेकर प्रदर्शन, सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

चंबल मुख्य दाहिनी नहर में सिंचाई के लिए पर्याप्त पानी उपलब्ध कराने की मांग को लेकर मंगलवार को ग्राम ढोटी स्थित चंबल नहर पर किसानों ने किसान नेता राधेश्याम मीणा मूंड़ला के नेतृत्व में धरना-प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौपा।

किसान नेता राधेश्याम मीणा मूंड़ला ने जानकारी देते हुए बताया कि इस वर्ष कम वर्षा एवं जर्जर विद्युत व्यवस्था के कारण जिले के किसान खरीफ फसलों की सिंचाई के लिए पूरी तरह चंबल मुख्य दाहिनी नहर पर निर्भर हैं। वर्तमान में कोटा बैराज से सीमित मात्रा में पानी छोड़ा जा रहा है, जिससे श्योपुर जिले की उपशाखाओं एवं माइनर नहरों तक पर्याप्त जल नहीं पहुंच पा रहा है। अंतिम छोर पर स्थित किसानों को सिंचाई का पानी नहीं मिल रहा है और उनकी खरीफ फसलें प्रभावित होने लगी हैं। यदि शीघ्र पर्याप्त मात्रा में पानी उपलब्ध नहीं कराया गया तो किसानों की फसलें नष्ट हो सकती हैं, जिससे हजारों किसानों को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ेगा। ज्ञापन में मांग की गई है कि कोटा बैराज से कम से कम 2500 क्यूसेक पानी छोड़ा जाए, 75 दिनों तक निरंतर जल प्रवाह सुनिश्चित किए जाने की मांग प्रमुखता से अंकित की गई है



### जनसुनवाई में आए 195 आवेदन, निर्धारित दुकानों से पुस्तकें क्रय करने के मामले में कार्यवाही के निर्देश

## अधिकारी जरूरतमंद लोगों को सहायता देने के लिए सकारात्मक भाव से कार्य करें: शीला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

विभागीय अधिकारी जरूरतमंद लोगों को सहायता प्रदान करने के लिए सकारात्मक भाव से कार्य करें, विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं जैसे संबल, पीएम श्रम मानधन योजना में पूर्व पंजीयन की आवश्यकता होने से संबंधित विभाग कैम्प लगाकर पात्र हितग्राहियों का पंजीयन सुनिश्चित करें, जिससे संकट के समय उन परिवारों की मदद शासन की योजना के तहत आसानी से की जा सके। जनसुनवाई के दौरान प्राप्त आवेदनों का गंभीरता से निराकरण किया जायें, शासन की नीति के तहत नियमानुसार निराकरण नही होने से संबंधित आवेदनो में आवेदक को लिखित में सूचना प्रदान की जाए। सभी आवेदनों का निराकरण जन आंकाक्षा पोर्टल पर ऑनलाइन किया जायें।

यह निर्देश मंगलवार को कलेक्टर शीला दाहिमा ने जनसुनवाई के दौरान अधिकारियों को दिए है। जनसुनवाई कार्यक्रम के दौरान अपर कलेक्टर रूपेश उपाध्याय, डिप्टी कलेक्टर विजय शाक्य एवं पवन घुरैया सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे। जनसुनवाई के दौरान 195 आवेदन प्राप्त हुए।

जनसुनवाई के दौरान कलेक्टर शीला दाहिमा को आवेदक दिव्यांग प्रदीप कुमार निवासी मसालदार मोहल्ला श्योपुर ने आवेदन प्रस्तुत कर अवगत कराया कि यात्री किराये में दिव्यांगो को कोई छूट नही दी जा रही है। इस मामले में कलेक्टर ने सामाजिक न्याय विभाग की उप संचालक शशिकिरण इक्का को निर्देश दिये कि शासन निर्देशानुसार यात्री बसो में यूडीआईडी कार्ड के आधार पर किराये में 50 प्रतिशत रियायत सुनिश्चित की जायें। उन्होंने कहा कि जिला परिवहन अधिकारी से समन्वय कर सभी यात्री बस संचालको को निर्देश जारी कराये जायें। कलेक्टर शीला दाहिमा ने अनिल सुमन निवासी ग्राम जैदा के आवेदन पर डीईओ यश जैन को निर्देश दिये गये कि निजी स्कूलों द्वारा निर्धारित दुकानों से विशेष प्रकाशनो की पुस्तके क्रय करने की बाध्यता संबंधी मामलों में स्कूल संचालको एवं पुस्तक विक्रेताओं पर शिक्षा का अधिकार अधिनियम के तहत कडी कार्यवाही की जायें। आवेदन अनिल सुमन ने आवेदन प्रस्तुत कर कलेक्टर को अवगत कराया था कि स्कूल संचालको द्वारा निर्धारित दुकानों से विशेष प्रकाशनों की पुस्तके खरीदने के लिए बाध्य किया जा रहा है। कलेक्टर ने ग्राम ढेगदा निवासी रामनाथी बैरवा की खाद्यान पर्ची जनरेट करने तथा 19 वर्षीय दिव्यांग मनीष बैरवा का स्थाई दिव्यांग प्रमाण पत्र तत्काल बनाकर उसकी पेंशन फिर से शुरू किए जाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने अन्य कई आवेदकों की समस्याओं का भी मौके पर निराकरण करवाया गया।







#### जनसुनवाई में पहुंचे कोटरा के ग्रामीण, कलेक्टर से बोले मैडम सत्यापन अधिकारी ने जानबूझकर काट दिए पात्र लोगों के नाम

जनपद पंचायत श्योपुर की ग्राम पंचायत शंकरपुर के अंतर्गत आने वाले ग्राम कोटरा के दर्जनभर से अधिक ग्रामीण जनसुनवाई में पहुंचे और उन्होने कलेक्टर शीला दाहिमा को आवेदन सौपते हुए आरोप लगाया है कि पीएम आवास योजना सर्वेक्षण 02 की सूची में जिन हितग्राहियों का नाम दर्ज था,उनका नाम सत्यापन कर्ता अधिकारी के द्वारा जानबूझकर काट दिया गया। जिसकारण ये ग्रामीण पीएम आवास योजना का लाभ देने से पात्र होते हुए भी वंचित रह गए। ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया है कि सत्यापन के दौरान जिन लोंगो को आवास आंवटित किए गए है,उनमें से ज्यादातर लोग अपात्र है। क्योंकि किसी के पास पक्के मकान पहले से बने हुए थे तो किसी के पास जमीन भी अधिक मौजूद है। ग्रामीणों ने इस मामले की जांच कराए जाने और जानबूझकर नाम काटने वाले सत्यापनकर्ता अधिकारी पर कार्रवाई करने की मांग की है।

## धू-धू कर के जली केबल, डीपी और पोल पर बना रावण दहन जैसा नजारा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

मानसूनी बारिश की शुरुआती बौछारों ने मंगलवार को सावन से पहले क्वार ला दिया। मिसाल शहर के वार्ड 03 से सामने आई, जहां बिजली की लाइन अचानक से धू-धू कर जल उठी। इस दौरान केबल के जलने की गंध समूचे गीता भवन तिराहे के आसपास फैल गई। तिराहे पर लगे पोल पर दो बार जोरदार आतिशबाजी जैसी स्थिति से इस क्षेत्र के वाशिंदे दहशत में आ गए। इसी समय पता चला कि यही नज़ारा आनंदी माता के मंदिर के पास लगी डीपी से भी उत्पन्न हुआ। जिससे पुरानी कोर्ट रोड के राहगीर दहल गए। कुछ देर बाद बिजली की आपूर्ति बंद कर अनहोनी को टालने का प्रयास किया गया। आशंका बिजली आपूर्ति बहाल होने के बाद पोल में करेंट के प्रवाह को लेकर दिन भर बनी रही। ज्ञातव्य है कि इसी क्षेत्र में एक पिता-पुत्र सहित गौवंश की जान करेंट के कारण जा चुकी है। उम्मीद है हर माह लाखों का मेंटीनेंस कराने वाली कंपनी के कारिंदे समस्या व आशंका के निदान को लेकर गंभीरता दिखाएंगे। उल्लेखनीय है कि गत दिवस इसी क्षेत्र में रखरखाव के नाम पर 5 घंटे आपूर्ति ठप्प हो चुकी थी।



#### न्यायालयीन संबंधी प्रकरणों में आवेदन की उचित प्रक्रिया अपनाएं

श्योपुर। कलेक्टर शीला दाहिमा ने निर्देश दिए है कि राजस्व संबंधी ऐसे मामले जो राजस्व न्यायालयीन प्रक्रिया से संबंधित है तथा जिनमें आवेदन निर्धारित प्रक्रिया के तहत किये जाने की बाध्यता है, उन्हें सक्षम राजस्व न्यायालयों में उचित आवेदन प्रक्रिया के साथ प्रस्तुत किये जायें, जिससे उनका निराकरण त्वरित गति से नियमानुसार किया जा सके। कलेक्टर ने एडीएम रूपेश उपाध्याय को निर्देश दिये कि राजस्व संबंधी मामलों की नियमित रूप से समीक्षा की जाये। सीमांकन, बटवारा, नामांतरण आदि रेवेन्यू के मामलों में लोक सेवा केन्द्रो के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन किये जा सकते है। अपील प्रकरणों में सक्षम राजस्व न्यायालय में अपील प्रस्तुत की जाये। उन्होंने राजस्व अधिकारियों को यह निर्देश भी दिये कि कब्जा हटाने संबंधी मामलो के आवेदन प्राप्त होने पर उन्हें अपने न्यायालयों में दर्ज कर धारा 250 के तहत कार्यवाही सुनिश्चित की जाये।

#### आत्मा गवर्निंग बोर्ड की बैठक आज

श्योपुर। कलेक्टर शीला दाहिमा की अध्यक्षता में आत्मा एवं नेशनल मिशन ऑफ नेचुरल फॉर्मिंग अंतर्गत आत्मा गवर्निंग बोर्ड की बैठक 22 जुलाई को दोपहर 12 बजे से कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित की गई है।

## खबर संक्षेप

### मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज

**अशोकनगर।** जिले में मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज किए गए हैं। जिले के देहात थाने के अंतर्गत ग्राम लखेरी बसारती निवासी जयकुवर बाई अहिरवार ने रिपोट दर्ज कराई है कि बृजभान, कमलेश और बबीता अहिरवार ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के देहात थाने के अंतर्गत हिनोतिया पछार निवासी अनिल वंषकार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि संजू, बाबूलाल, और नीरज दैलवार ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के देहात थाने के अंतर्गत सेमरखेडी निवासी गोपाल कौरी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि सागर सिंह यादव ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के देहात थाने के अंतर्गत अमाही ताल निवासी राजकुमार अहिरवार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि शिवराज, राधेष्याम विजय और राजू अहिरवार ने उधारी के पैसों पर से उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के ईसागढ थाने के अंतर्गत ग्ा्रम खिरिया देवत निवासी बृजेष जाटन ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि षिवम और अवधबिहारी शर्मा ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के मुंगावली थाने के अंतर्गत सेमरखेडी निवासी राजपाल यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि सुरेष , बकील और भूरा यादव ने उससे मारपीट की।

### लायंस हेल्पिंग हैंड ने किया पौधारोपण



**अशोकनगर।** लायंस हेल्पिंग हैंड ने लायन संतोष चंदेल की अध्यक्षता में लाड़ली लक्ष्मी वाटिका में आयोजित किया वृक्षारोपण कार्यक्रम। कार्यक्रम पार्षद हेमा रघुवंशी धर्मपत्नी लायन धर्मेंद्र रघुवंशी जी के सहयोग से आयोजित किया गया। कार्यक्रम में नपा उपाध्यक्ष रीना मनोज शर्मा,एवं पूर्व जनपद अध्यक्ष चंदा यादव भी उपस्थित रहीं। लाडली लक्ष्मी वाटिका एक छोटा सा उद्यान है जो शहर की सुंदरता बढ़ाने के उद्देश्य से बनाया गया साथ ही स्वच्छ प्राणवायु के संचार में सहयोग करता है। पीएमजेफ लायन वैशाली सलूजा ने बताया कि वृक्षारोपण ,पर्यावरण संतुलन, ताजी हवा और प्राकृतिक सुंदरता के लिए बेहद आवश्यक है। पेड़ जीवनदायिनी ऑक्सीजन प्रदान करते हैं, हानिकारक कार्बन डाइऑक्साइड सोखते हैं, मिट्टी का कटाव रोककर जल संरक्षण करते हैं, और जलवायु परिवर्तन के प्रभावों को कम करते हैं। एक पौधा- अनेक जीवन , की तर्ज पर आज हम सबको संकल्प लेना चाहिए कि सभी कम से कम एक पौधा अवश्य लगाएं और आने वाली पीढ़ी को हरयाली उपहार में दें। सचिव लायन मिथलेश यादव एवं कोषाध्यक्ष लायन रीना यादव ने बताया पर्यावरण की रक्षा और एक स्वच्छ भविष्य के लिए हमें अधिक से अधिक पेड़ लगाने चाहिए। कार्यक्रम में लायन कविता साहू जी एवं द्वितीय उपाध्यक्ष लायन ज्ञानेश्वरी सक्सेना द्वारा भी सभी से मिट्टी के इस कर्ज को चुकाने के लिए एक व्यक्ति एक पेड़ लगाने के नारे को सार्थक करने के लिए प्रेरित किया गया।

### अध्यक्ष का भ्रमण 22 जुलाई को

**अशोकनगर।** मध्यप्रदेश राज्य अनुसूचित जाति आयोग के अध्यक्ष डॉ.कैलाश जाटव 22 जुलाई 2026 को अशोकनगर जिले के भ्रमण पर रहेगें। जारी भ्रमण कार्यक्रम के अनुसार 22 जुलाई को प्रातः10 बजे आम नागरिकों से भेंट,प्रातः11 बजे जनप्रतिनिधियों के साथ चर्चा,दोपहर 12 बजे अनुसूचित जाति वर्ग से सामाजिक संवाद, दोपहर 02 बजे विद्यालय एवं अनुसूचित जाति छात्रावास का भ्रमण,दोपहर 02 बजे विद्यालय अनुसूचित जाति छात्रावास भ्रमण, अपरान्ह 03 बजे पत्रकारवार्ता ,अपरान्ह 04 बजे अनुसूचित जाति बस्तियों का भ्रमण तथा सायं 05 बजे संबंधित अधिकारियों से चर्चा कर गुना के लिए प्रस्थान करेगें।

---

शाढ़ौरा ग्रामीण क्षेत्र के दो लोग, शहरी क्षेत्र में व पिपरई में एक नियुक्ति

# सभी नगरीय संस्थाओं में बनाए एल्डरमैन अशोकनगर में 6 एल्डर मैन नियुक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर



नगरीय निकाय विभाग ने अशोकनगर जिले की सभी नगरीय निकाय संस्थाओं में एल्डर मैन घोषित कर दिए हैं, अषोकनगर नगर पालिका में 6 एल्डर मैन बनाए गए हैं जिनमें सिंधिया गुट से 4 लोगों को मौका मिला है। जिनमें सबसे अधिक उम्र के और सिंधिया परिवार की तीन पीढियों से संबंध रखने वाले जयप्रकाश अग्रवाल को एल्डर मैन बनाया गया है।

अशोकनगर नगरपालिका में शासन के द्वारा जो 6 एल्डर मैन बनाए गए हैं, उनमें जयप्रकाष अग्रवाल, मालती सेन, यषलोक चैधरी, दीपक सोनू, सुमन, वर्षा बडकुल और राकेष शर्मा को स्थान दिया गया है। जिनमें दो महिलाओं को स्थान दिया गया है। चंदेरी नगरपालिका में भी 6 एल्डर मैन बनाए गए हैं, जिनमें संतोष लिटोरिया, महेन्द्र जैन, राजकुमार रेकवार, रामकिषोर पटेरिया, अंषुल श्रीवास्तव, राजेष जैन और कमलनारायण रैकवार शामिल हैं, जो सभी शहरी क्षेत्र के बार्डो के निवासी हैं। मुंगावली नगर परिषद में 4 एल्डर मैन बनाए गए हैं जिनमें प्रमोद सिरवैया, रूपेष जैन सुरेन्द्र कुषवाह और मनमोहन साहू शामिल हैं। यह सभी शहरी क्षेत्र के निवासी हैं। नगर परिषद ईसागढ में 4 इल्डर मैन बनाए गए हैं, जिनमें चन्द्रभान सिंह परिहार, केके शर्मा, महादेव यादव और भानू लोधी शामिल हैं, जो ईसागढ नगरीय क्षेत्र के निवासी हैं। पिपरई नगर परिषद में 4 एल्डर मैन बनाए गए हैं जिनमें दिनेष जैन डब्बू, कुंजीलाल कुषवाह, संतोष पटवा सभी शहरी क्षेत्र के निवासी है जबकि रामकृष्ण तिवार गढला ग्राम के निवासी हैं, उन्हे भी एल्ड्र मैन बनाया गया है। शाढोरा नगर परिषद में जो 4 एल्डर मैन बनाए गए हैं उनमें भरत जैन, और रामकृष्ण रघुवंषी शहरी क्षेत्र के निवासी हैं जबकि जगदीष शर्मा ग्राम मढी नामदार के निवासी हैं, उन्हें एल्डर मैन बनाया गया है। इसी प्रकार संजीव रघुवंषी ग्राम म्यापुर को भी ग्रामीण क्षेत्र के निवासी होने के बाद नगरपरिषद में एल्डर मैन बनाया गया हैं।

**इनका कहना है**

एल्डर मैन की नियुक्ति नगरीय निकाय विभाग द्वारा की जाती है, जिसमें शहरी क्षेत्र के निवासियों को एल्डर मैन बनाया जाता है ताकि वह शहरी क्षेत्र के समस्याओं के निराकरण पर काम कर सकें। ग्रामीण क्षेत्र के निवासियों को मौका नहीं मिलता।
**विनोद उन्नीतान,** सीएमओ अशोकनगर।

---

# सोनम वांगचुक के समर्थन में भी लोग सामने आए और ज्ञापन सौंपा




हरिभूमि न्यूज ▶▶ अषोकनगर

एनटीए रद्द करने, सोनम वांगचुक सहित अनशन कर रहे अन्य लोगों से सरकार के द्वारा शीघ्र बातचीत शुरू करने,केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के स्तीफे की मांग सहित संसद मार्च के दौरान प्रदर्शनकरियों पर किए गए लाठीचार्ज के विरोध में डीएसओ ने सौंपा ज्ञापन।

मौके पर छात्र संगठन के जिला सचिव विश्वीर भंडारी ने बताया कि पिछले एक महीने से अधिक समय से, देश के छात्र, युवा, अभिभावक और आम लोग पेपर लीक और एनटीए में व्याप्त भ्रष्टाचार के खिलाफ दिल्ली और देश के कई अन्य हिस्सों में लगातार विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। हम सभी सरकार से जवाबदेही, धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे और एनटीए को तुरंत भंग करने की मांग कर रहे हैं। उपरोक्त मांगों को लेकर सोनम वांगचुक और कई अन्य छात्रों की अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल इस देश के छात्रों, अभिभावकों और सभी शिक्षा-प्रेमी लोगों के बीच बढ़ते आक्रोश की अभिव्यक्ति है। पिछले 23 दिनों से भूख हड़ताल पर बैठे सोनम वांगचुक और अन्य छात्रों का गिरता स्वास्थ्य देश के सभी विवेकशील नागरिकों के लिए चिंता का विषय बन गया है। प्रदर्शनकारियों की जायज मांगों पर ध्यान देने और उनसे बातचीत शुरू करने के बजाय, सरकार ने वांगचुक को विरोध स्थल से जबरन हटाने का सहारा लिया है। यह कृत्य न केवल अलोकतांत्रिक है बल्कि अपने नागरिकों के प्रति सरकार के निरंकुश और अमानवीय रवैये को भी दर्शाता है।

**खास बातें**

- एन टी ए को रद्द किया जाए,
- केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का स्तीफा सुनिश्चित किया जाए,
- सोनम वांगचुक सहित अन्य अनशन कर रहे लोगों से सरकार शीघ्र बातचीत कर हल निकाले,
- प्रदर्शनकारियों पर पुलिस हस्तक्षेप पर रोक लगाई जाए,
- पेपर लीक पर रोक लगाई जाए,
- सभी बेरोजगार युवाओं को रोजगार दिया जाए।

---

63 किलो हरा गांजा जब्त, आरोपी गिरफ्तार

# नशे से दूरी है जरूरी 2.0 अभियान के तहत अशोकनगर पुलिस की बड़ी कार्रवाई





हरिभूमि न्यूज ▶▶ अषोकनगर

पुलिस अधीक्षक अशोकनगर राजीव कुमार मिश्रा के निर्देशन में, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अन्तर सिंह कनेश एवं एसडीओपी चंदेरी महेश कुमार शर्मा के मार्गदर्शन में थाना नईसरांय द्वारा अवैध मादक पदार्थ के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही करते हुये 63 किलो हरा गांजा जप्त कर आरोपी गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है।

उल्लेखनीय है कि दिनांक 20 जुलाई 2026 को सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम अजलेश्वर में विद्युत पावर हाउस के सामने स्थित आरोपी विक्का उर्फ तुलसीराम सेन के घर के पीछे खैरे में अवैध रूप से हरा गांजा रखा हुआ है। सूचना पर तत्काल पुलिस टीम द्वारा मौके पर पहुंचकर विधिवत कार्यवाही की गई, जिसमें 63 किलोग्राम हरा गांजा बरामद किया गया। जप्त मादक पदार्थ की अनुमानित कीमत लगभग 6,30,000 आंकी गई है।इस मामले में आरोपी विक्का उर्फ तुलसीराम सेन (उम्र 34 वर्ष), निवासी ग्राम अजलेश्वर को गिरफ्तार कर उसके विरुद्ध एनडीपीएस अधिनियम के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया। आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय अशोकनगर के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी नईसरांय उप निरीक्षक आशुतोष गुप्ता, सहायक उप निरीक्षक अवधेश रघुवंशी, प्रधान आरक्षक शत्रुधन रघुवंशी, आरक्षक नवीन रघुवंशी, महिला आरक्षक आरती कुशवाह एवं आरक्षक वीरेन्द्र परिहार की सराहनीय भूमिका रही। पुलिस अधीक्षक राजीव कुमार मिश्रा ने बताया कि नशे से दूरी है जरूरी 2.0 अभियान के तहत जिले में अवैध मादक पदार्थों के उत्पादन, परिवहन, संग्रहण एवं विक्रय के विरुद्ध लगातार कठोर कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया है। समाज को नशामुक्त बनाने के उद्देश्य से यह अभियान प्रभावी रूप से संचालित किया जा रहा है तथा भविष्य में भी इस प्रकार की कार्यवाही निरंतर जारी रहेगी।

---

### सोनम वांगचुक के समर्थन में ज्ञापन सौंपा



**पिपरई।** युवा विचारधारा संगठन के नेतृत्व में सोमवार को तहसील पिपरई में सामाजिक कार्यकर्ता सोनम वांगचुक के समर्थन एवं विभिन्न जनहितैषी समस्याओं को लेकर राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा गया। संगठन के संस्थापक एवं अध्यक्ष निकेत सिंह यादव के नेतृत्व में क्षेत्र के विभिन्न ग्रामों से आए अध्यक्षों एवं कार्यकर्ताओं ने तहसील कार्यालय पहुंचकर तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में जनहित से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर ध्यान आकर्षित करते हुए उचित कार्रवाई की मांग की गई। संगठन पदाधिकारियों ने कहा कि समाज और राष्ट्रहित के विषयों पर सरकार को गंभीरता से विचार करना चाहिए तथा आमजन की समस्याओं का शीघ्र समाधान सुनिश्चित किया जाए।इस अवसर पर युवा विचारधारा संगठन के अनेक पदाधिकारी, ग्रामीण क्षेत्रों के अध्यक्ष एवं कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। सभी ने एकजुट होकर संगठन की मजबूती और जनसेवा के संकल्प को दोहराया। कार्यक्रम के अंत में संगठन का संदेश ''संगठन ही सर्वोपरि है'' के साथ ज्ञापन कार्यक्रम का समापन हुआ।

### जन भागीदारी अध्यक्ष ने किया नायब तहसीलदार का स्वागत



**पिपरई।** नायब तहसीलदार अंजली चैधरी जी को पदोन्नति होने पर जन भागीदारी के अध्यक्ष रवींद्र शुक्ला जी एवं संजय मनोरिया विजय शुक्ला एवं समस्त जनभागीदारी टीम ने पिपरई तहसील पहुंचकर नायब तहसीलदार जी को बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

---

जनता बोली- जब नोटिस दे चुके थे तो अब तक सो रहा था प्रशासन

# हरिभूमि की खबर के बाद एसडीएम बोले- कराएंगे सीमांकन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

ऐतिहासिक नगरी चंदेरी इन दिनों भू-माफियाओं के जाल में पूरी तरह जकड़ी हुई नजर आ रही है। ताजा मामला मुंगावली रोड के पास स्थित सर्वे नंबर 308ध्1 की कई हेक्टेयर शासकीय जमीन का है,जिस पर भू-माफियाओं और सफेदपोश नेताओं की गिद्ध नजरें गड़ी हुई हैं। सूत्रों की मानें तो पर्दे के पीछे से एक बड़े रसूखदार नेता अपने राजनीतिक दबदबे के दम पर इस बेशकीमती सरकारी रकबे को पूरी तरह अपने कब्जे में लेने का ताना-बाना बुन रहे हैं।

### कागजों में 'नोटिस', जमीन पर प्लाटिंग

हैरानी की बात यह है कि इस सरकारी जमीन पर रसूखदारों ने धड़ल्ले से प्लाटिंग भी शुरू कर दी है। 'हरिभूमि समाचार पत्र' द्वारा बीते 20 जुलाई के अंक में इस मामले का प्रमुखता से भंडाफोड़ किया गया था। तब प्रशासन मामले से अनजान होने का दावा कर रहा था,लेकिन अब एक चैंकाने वाला सच सामने आया है। हकीकत यह है कि तहसील कार्यालय को इस पूरे अवैध खेल की पहले से भनक थी। प्रशासन द्वारा इन भू-माफियाओं को धारा 248 के तहत पूर्व में नोटिस भी जारी किए जा चुके हैं।

अब सवाल यह उठता है कि जब प्रशासन को सब कुछ मालूम था, और नोटिस भी दिए जा चुके थे, तो भू-माफियाओं के खिलाफ सख्त जमीनी कार्रवाई क्यों नहीं की गई? क्या प्रशासन जानबूझकर कानों में रुई डालकर बैठा था,या फिर राजनीतिक दबाव के आगे बेबस था?

### प्रशासन के ढुलमुल रवैए पर खड़े हुए गंभीर सवाल

इतना बड़ा घटनाक्रम होने और सरकारी जमीन की सरेआम धज्जियां उड़ाए जाने के बावजूद प्रशासनिक अमला सिर्फ''जांच के बाद कार्रवाई करेंगे'' का रटा-रटाया राग अलाप रहा है। जब पूर्व में नोटिस जारी हो चुके थे, तो फिर से जांच के क्या मायने निकाले जाएं? नोटिस मिलने के बाद भी भू-माफिया बिना किसी खौफ के जमीन घेरने और प्लाटिंग करने में जुटे हुए हैं,जो सीधे तौर पर कानून को चुनौती है।

### जनता की नजरें: क्या रसूख के आगे झुकेगा प्रशासन?

एसडीएम मनीष धनगर ने समाचार पत्र में खबर छपने के बाद कार्रवाई का भरोसा तो दिया है, लेकिन चंदेरी की जनता के जेहन में अब भी कई सवाल कौंध रहे हैं। क्या प्रशासन इस बेशकीमती सरकारी जमीन को भू-माफियाओं के चंगुल से मुक्त करा पाएगा? जैसे ही कार्रवाई आगे बढ़ेगी, क्या सफेदपोश नेता अपने रसूख का इस्तेमाल कर इसे रुकवा देंगे? अब देखना दिलचस्प होगा कि प्रशासन मुस्तैदी दिखाकर इस सरकारी रखबे को सुरक्षित रख पाता है या फिर रसूखदारों का राजनीतिक दबाव एक बार फिर व्यवस्था पर हावी हो जाएगा।

### पुनः सीमांकन करवाएंगे

मामला संज्ञान में आने के बाद हम उस शासकीय जमीन का पुनः सीमांकन करवाएंगे। सीमांकन कराकर उक्त सरकारी जमीन को पूरी तरह सुरक्षित किया जाएगा।
**मनीष धनगर,** एसडीएम, चंदेरी

---

# गौसेवा, दान एवं भजन प्रतियोगिता के साथ मनाया आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज का 59वां दीक्षा दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर



अखिल भारतवर्षीय दिगंबर जैन युवा अरिहंत महिला परिषद, राजुल संभाग (द्वितीय शाखा), अशोकनगर द्वारा आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज के 59वें दीक्षा दिवस के पावन अवसर पर गौशाला में गौसेवा, दान एवं भजन प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में परिषद की सभी बहनों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए गौमाता की सेवा, गुरु भक्ति एवं जीवदया का संदेश दिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ गौशाला के अध्यक्ष, मंत्री एवं उपस्थित अतिथियों के स्वागत एवं अभिनंदन से हुआ। इसके पश्चात परिषद की बहनों द्वारा गुरुचरणों में समर्पित मंगलाचरण भजन प्रस्तुत किया गया तथा दीप प्रज्ज्वलन के साथ कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ हुआ। संपूर्ण वातावरण भक्ति, श्रद्धा एवं आध्यात्मिक ऊर्जा से ओत-प्रोत हो गया। गौसेवा के अंतर्गत परिषद द्वारा गौमाता के लिए हरी घास, ताजी सब्जी एवं 20 किलोग्राम गुड़ अर्पित किया गया। इसके साथ ही गौशाला के संचालन एवं गौसेवा कार्यों में सहयोग के लिए 5,100 की सहयोग राशि दान स्वरूप प्रदान की गई। परिषद की बहनों ने गौसेवा को भारतीय संस्कृति, जीवदया और धर्म का महत्वपूर्ण आधार बताते हुए सेवा कार्य में बढ़-चढ़कर भाग लिया।

इस अवसर पर आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज के दीक्षा दिवस की स्मृति में भजन प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में परिषद की बहनों ने गुरु भक्ति से ओत-प्रोत मधुर भजनों की सुंदर प्रस्तुति देकर सभी को भाव-विभोर कर दिया। प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त प्रतिभागियों को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया तथा सभी प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया गया। कार्यक्रम के दौरान गौसंरक्षण, जीवदया एवं सेवा के महत्व पर भी विचार व्यक्त किए गए।

---

कलेक्टर की अध्यक्षता में समय-सीमा के लंबित पत्रों की समीक्षा बैठक आयोजित

# शिकायतों का निराकरण तथ्यात्मक व गुणवत्तापूर्वक करें: कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर




सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों का निराकरण विभागीय अधिकारी तथ्यात्मक एवं गुणवत्तापूर्वक करें। लंबित शिकायतों के निराकरण में अनावश्यक विलंबन न हो। इस आशय के निर्देश कलेक्टर श्री साकेत मालवीय ने सोमवार कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित समय सीमा के लंबित पत्रों की समीक्षा बैठक के दौरान जिला अधिकारियों को दिए।

### सीएम हेल्पलाइन की 50 दिवस से अधिक लंबित शिकायतों का निराकरण प्राथमिकता से करें

कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सीएम हेल्पलाइन की 50 दिवस से अधिक लंबित शिकायतों का निराकरण केवल औपचारिक न हो,बल्कि आवेदकों से संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं का वास्तविक समाधान किया जाए। शिकायतों के निराकरण में लापरवाही बरतने पर संबंधित अधिकारियों के विरूद्ध कार्यवाही की जाएगी। साथ ही पेनाल्टी अधिरोपित की जाएगी।

### जनुसनवाई के आवेदनों की समीक्षा

बैठक में कलेक्टर द्वारा जनसुनवाई में प्राप्त आवेदनों के निराकरण की विस्तृत समीक्षा की गई। उन्होंने कहा कि जनसुनवाई शासन की महत्वपूर्ण व्यवस्था है,जिसके माध्यम से आमजन अपनी समस्याएं प्रशासन के समक्ष रखते हैं। प्रत्येक आवेदन का गंभीरता से परीक्षण कर नियमानुसार त्वरित कार्यवाही की जाए।

कलेक्टर ने जिले के सभी कॉलेजों एवं स्कूलों में शासकीय अभियानों के संबंध में जनजागरूकता लाने के लिए कार्यशालाओं का आयोजन किया जाए। कार्यशालाओं में नशामुक्ति,साइबर,न्याय संहिता,सड़क सुरक्षा,राहवीर योजना,जल संरक्षण विषयों से संबंधित विषय विशेषज्ञों का छात्र-छात्राओं के साथ सीधा संवाद स्थापित कराया जाए।

### कलेक्टर-कमिश्नर्स कांन्फ्रेंस के विभागवार बिन्दुओं की समीक्षा

बैठक में कलेक्टर-कमिश्नर्स कॉन्फ्रेंस से संबंधित विभागों के बिन्दुओं की समीक्षा की गई। कलेक्टर ने निर्धारित प्राथमिकताओं के अनुरूप विभागवार प्रगति की विस्तार से समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी विभाग अपने अपने बिन्दुओं पर अद्यतन जानकारी रखें तथा प्राप्त निर्देशों का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करें।

### बैठकों का आयोजन कर कानून व्यवस्था की करें समीक्षा

बैठक में गूगल मीट से जुडे समस्त एसडीएम को निर्देशित किया कि प्रति माह खण्ड स्तरीय बैठकों का आयोजन कर कानून व्यवस्था सहित शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन की प्रगति की समीक्षा की जाएं। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत राजेश जैन, अपर कलेक्टर डी.एन.सिंह, संयुक्त कलेक्टर आदि रहे मौजूद।